
UPHIN/2011/39718
पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition
यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ
वर्ष-14 अंक-129 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) मंगलवार 21 अप्रैल 2026 | youngbharatE-paper.com

## यूपी सरकार के ये 5 बड़े फैसले: महिलाओं के लिए खुशखबरी



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य की गन्ना समितियों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को निश्शुल्क स्थान उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे। गन्ना समितियों में मिलेगा मुफ्त स्थान सरकार के इस निर्णय के तहत महिलाओं को गन्ना समितियों में बिना किराया दिए जगह दी जाएगी। यहां वे अपने छोटे व्यवसाय शुरू कर सकेंगी, प्रेरणा कैंटीन चला सकेंगी और अपने स्थानीय उत्पादों की बिक्री भी कर पाएंगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### दो साल तक नहीं देना होगा किराया

योजना के अनुसार, महिलाओं को पहले दो साल तक किसी भी प्रकार का किराया नहीं देना होगा। इसके बाद उन्हें केवल 50 प्रतिशत किराया देना होगा, जो जिला प्रशासन द्वारा तय सर्किल रेट के आधार पर होगा। यह व्यवस्था महिलाओं को शुरुआती समय में आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से की गई है।

### स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बाजार

इस योजना से महिलाओं द्वारा बनाए गए घरेलू और स्थानीय उत्पादों को सीधा बाजार मिलेगा। इससे उनके उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी और आमदनी में भी वृद्धि होगी। साथ ही ग्रामीण स्तर पर छोटे उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### प्रशिक्षण और सहयोग भी मिलेगा

महिलाओं को केवल स्थान ही नहीं, बल्कि विभिन्न मेलों, प्रदर्शनियों और सार्वजनिक आयोजनों में भाग लेने का अवसर भी दिया जाएगा। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय भी किया जाएगा।

### आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम

यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे स्वयं सहायता समूहों की भूमिका और मजबूत होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

## बंटवारे की जंग में परिवार हुआ बर्बाद, दो सगे भाईयों के खून से आंगन बन गया खून का तालाब

### मझले भाई ने बड़े की कर दी गोली मारकर हत्या, पिता और छोटे भाई ने कातिल को घेरकर लाठियों से तब तक पीटा जब तक की उसकी जान नहीं निकल गई

- एक ही घर में गिरी दो सगे भाईयों की लाशें, पिता एवं छोटे पुत्र को हत्या के आरोप में पुलिस ने आनन-फानन में दबोचा
- पूरे क्षेत्र में हड़कम्प, एएसपी सहित कई थानों की फोर्स ने मोर्चा संभाला
- अब कोई पुरूष नहीं बचा घर में औरतें कर रहीं हैं करूण विलाप





( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद के सुदूरवर्ती थाना रामपुरा के अंतर्गत आने वाले बीहड़ी मानसिकता वाले क्षेत्र के गांव मिर्जापुरा में रिश्तों का कत्ल और खून से सनी ज़मीन... जालौन के रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुरा जागीर में सोमवार की शाम जो हुआ,वह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई जिससे न केवल पूरे इलाके को दहला दिया बल्कि इंसानियत को भी शर्मसार कर दिया। बरसों से चल रहा ज़मीन का विवाद चंद मिनटों में दो सगे भाइयों की मौत का सबब बन गया।

### गुस्से में आपा खोया, भाई के सीने में उतार दी गोली

घटना की शुरुआत सोमवार शाम करीब 6 बजे हुई। जय नारायण चतुर्वेदी के बेटों के बीच पैतृक ज़मीन के बंटवारे को लेकर तीखी बहस शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मंझले बेटे अल्लू उर्फ जितेंद्र (30) ने तैश में आकर अपने ही बड़े भाई कैलाश (35) पर तमंचे से फायर झोंक दिया। गोली सीधे कैलाश के सीने में जा लगी और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

### मैदान-ए-जंग बना आंगन : पिता और छोटे भाई ने ली जान

बड़े भाई की हत्या देख पिता जय नारायण और सबसे छोटा भाई गुड्डू (25) प्रतिशोध की आग में जल उठे। उन्होंने भागने की कोशिश कर रहे जितेंद्र को रास्ते में ही घेर लिया और लाठी-डंडों से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जितेंद्र को तब तक बेरहमी से पीटा गया जब तक उसके प्राण नहीं पखेरू उड़ गए। कुछ ही देर में परिवार का आंगन दो सगे भाइयों के खून से लाल हो गया।

### दहशत में गाँव, पुलिस की सख्त कार्रवाई

इस दोहरे हत्याकांड के बाद पूरे गाँव में सन्नाटा पसरा हुआ है और तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। रामपुरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता जय नारायण और छोटे भाई गुड्डू को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

> अपर पुलिस अधीक्षक समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। ज़मीन के एक टुकड़े ने आज न केवल दो भाइयों की जान ले ली, बल्कि एक हँसते-खेलते परिवार को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। आज पूरा इलाका इस खूनी खेल से स्तब्ध है।

## सुर्खियां.............

### अपर्णा यादव के झंडा जलाने से सपाइयों में आक्रोश, केस के लिए तहरीर, क्या बोले अखिलेश यादव



प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष और मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव ने महिला आरक्षण बिल पास नहीं होने पर लखनऊ में विधानसभा के सामने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का झंडा जलाया। इसे लेकर सपा नेता आक्रोशित हैं। लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली में अपर्णा के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग करते हुए तहरीर दी है। अखिलेश यादव ने अपर्णा के झंडा जलाने पर कहा कि किसी के इमोशन को हर्ट नहीं करना चाहिए। अपर्णा के सवाल पर अखिलेश ने कहा कि उस पर मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। हम और आप जानते हैं कि रंग किसी न किसी धर्म से जुड़ा होता है या हर धर्म का कोई न कोई रंग होता है। समाजवादियों के झंडे का रंग लाल है। लाल क्रांति का रंग है। यह हमारी देवियों का भी रंग है। उनके पहनावे का भी रंग है। हनुमान जी का भी रंग है। नए जोड़े जब बनते हैं तो चूड़ियों का रंग भी लाल होता है। हमारी देवी के चुनरी का रंग भी लाल होता है। इसलिए किसी के भी इमोशन को हर्ट नहीं करना चाहिए।

#### अपर्णा के खिलाफ केस के लिए तहरीर

उधर, समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप कुमार ने रविवार को अपर्ण यादव के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी। सपा के राष्ट्रीय सचिव प्रतिनिधि मंडल के साथ हजरतगंज कोतवाली पहुंचे। उन्होंने अतिरिक्त निरीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। उन्होंने बताया कि महिला आरक्षण बिल के नाम पर शनिवार रात अपर्णा यादव अपने कुछ समर्थकों के साथ विधानभवन के सामने पहुंचीं। वहां उन्होंने नारेबाजी की और समाजवादी पार्टी व कांग्रेस का झंडा जलाया। अपर्णा के साथ कई अन्य महिलाएं भी थीं। प्रदीप ने इंस्पेक्टर से कहा कि किसी भी हाल में उन्हें पार्टी का झंडा नहीं जलाना चाहिए था। इससे तमाम कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। झंडा जलाए जाने से पार्टी से जुड़े लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। अपर्णा ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। अपर्णा के खिलाफ अगर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे। एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। वहीं, कई जिलों में अपर्णा यादव के खिलाफ सपाइयों में आक्रोश देखने को मिला है। मेरठ में सपा कार्यकर्ताओं ने अपर्णा यादव के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनका पुतला फूंका। सपा नेत्री नेहा गौड़ के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया।

### प्रयागराज में थार से स्टंट, इंस्टाग्राम पर स्टेट्स : हम आइना जमीन पर रख के आसमान कुचल देते हैं...असलहों के साथ तस्वीर

**प्रयागराज।** प्रयागराज में थार से स्टंट करने वाले राजशेखर मिश्रा के बारे में पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली है। पता चला है कि वह रील बनाने का शौकीन है। इंस्टाग्राम अकाउंट के बायो में उसने लिखा- अरे मत पूछिए मेरी हद ! हम आईना जमीन पर रखके आसमान कुचल देते हैं।

इसके अलावा असलहों के साथ दो तस्वीर भी पोस्ट कर रखी है। फिलहाल वह पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका है। आरोपी राजशेखर मिश्रा कर्नलगंज में द्वारकापुरी कॉलोनी का रहने वाला है। दो साल पहले वह सेंट जोसेफ कॉलेज से पासआउट हुआ है। उसके पिता सुशील मिश्रा हैं और जिस काले रंग की थार गाड़ी से उसने रविवार को सुभाष चौराहे स्टंट किया, वह उसकी मां के ना पर है। पुलिस ने इस गाड़ी को सीज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी राजशेखर ने अपने इंस्टाग्राम पर महंगी गाड़ियों के साथ रील वीडियो पोस्ट कर रखे हैं। इसके साथ ही असलहों के साथ तस्वीर भी पोस्ट कर रखी है। एक तस्वीर में वह पिस्टल तो दूसरी में लाइसेंसी बंदूक के साथ नजर आ रहा है। राजशेखर ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट प्राइवेट कर रखा है। राजशेखर मिश्रा पर दो मुकदमे भी दर्ज हैं।

## यूपी में अखिलेश यादव की बदली रणनीति पर बीजेपी की भी नजर! पार्टी चीफ नितिन नवीन ने किया बड़ा खुलासा

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि आजकल लोगों ने टोपी पहनना थोड़ा कम कर दिया है. कल तक ये लोग टोपी पहनकर कहीं भी निकल जाते थे. उन्होंने दावा किया कि यूपी में बीजेपी चुनावों में जीत की हैट्रिक लगाएगी और अब सपा का पीडीए फॉर्मूला अब चलने वाला नहीं है. एबीपी न्यूज को दिए इंटरव्यू में यूपी विधानसभा को लेकर बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन से खास बातचीत की. इस दौरान जब उन्होंने आगामी चुनाव और अखिलेश यादव को लेकर सवाल किया तो उन्होंने खुलकर इस पर अपनी राय रखी. उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी की जो कमियां रही. उन्हें वर्कआउट किया गया है. यूपी विकास की राह पर चल रहा है और बीजेपी का साथ है.

### 'आजकल टोपी पहनना कम हो गया है'

नितिन नवीन ने इस दौरान सपा अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने अपने शासन काल में यूपी को क्या-क्या दिया है ये भी जनता जानती है. ये 'पीडीए' शब्दों का जो प्रयोग करते हैं उससे दिखता है कि उनकी मानसिकता में कितने लोग है. कल तक यही लोग टोपी पहनकर कहीं भी चले जाते थे, आजकल टोपी पहनना थोड़ा कम किए हैं

### यूपी में बीजेपी लगाएगी जीत की हैट्रिक

टोपी पहनने वाले पसंद नही हैं इस सवाल पर बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि हमें टोपी वाले नहीं, ढोंग करने वाले पसंद नहीं आते. हमें टोपी वाले से दिक़्क़त नहीं है, जो बरसाती मौसम में टोपी पहनते हैं उनसे दिक़्क़त हैं. तीन तलाक के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया है. उन्होंने दावा किया कि यूपी में जो विकास हुआ है उसके दम पर भाजपा प्रदेश में जीत की हैट्रिक लगाएगी. नितिन नबीन ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश विकास के साथ जा रहा है, जिसमें हर वर्ग की भागीदारी है और ये जो पीडीए शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं ये खेल भी उनका खत्म हो गया है. काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती हैं, बंगाल की खाड़ी में टीएमसी के समाप्त होते हैं निश्चिंत रहिए यूपी में गंगा-जमुना की तहज़ीब वाला राज्य है वहां भी कमल ही खिलेगा कहीं कोई परेशानी नहीं है. यूपी में बीजेपी हैट्रिक लगाएगी.

## औकात में रहो SP तेरे डैडी में हिम्मत नहीं, कौन हैं BJP विधायक प्रीतम लोधी?

### पुलिस को खुलेआम दी धमकी

( यंग भारत न्यूज )



**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी दो दिन पहले अपने बेटे के द्वारा तीन लोगों को थार से टक्कर मारने के कारण चर्चा में थे। लेकिन अब खुद एमएलए अपनी दबंगाई के कारण सुर्खियों में आ गए हैं। जब पुलिसवालों ने उनके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की तो नेताजी ने पुलिसकर्मियों को खुले तौर पर धमकी देते हुए कहा-अगर तुम्हारे पिता में हिम्मत है तो...

**एसपी औकात में रहो क्या करेरा तुम्हारे डैडी का है**

दरअसल, विधायक प्रीतम लोधी ने एक न्यूज चैनल से बात करते हुए शिवपुरी जिले के एसपी करेरा को सरेआम धमकी दी। विधायक ने कहा वैसे तो मैं ऐसा कहता नहीं हूं, लेकिन अब खुलेआम कह रहा हूं कि 'क्या करेरा तुम्हारे डैडी का है ? मेरा बेटा करेरा आएगा चुनाव भी लड़ेगा तेरे डैडी में दम हो तो रोक लेना। अब तुम जरा हमारा इतिहास भी देख लो, अपनी औकात और अपने दायरे में रहो'।

**विधायक की गुंडागर्दी पूरे प्रदेश में चर्चा**

बता दें कि बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी ये धमकी और बेटे की गुंडागर्दी सिर्फ शिवपुरी जिले में ही नहीं पूरे मध्य प्रदेश राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। एक आईपीएस अफसर को इस तरह धमकी देने पर कांग्रेस ने मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा-जब विधायक ही गुंडागर्दी करने लगें तो सोचिए यह प्रदेशा का क्या विकास करेंगे।

**कौन हैं विधायक प्रीतम सिंह लोधी?**

गुंडागर्दी से चर्चा में आए प्रीतम लोधी शिवपुरी जिले के पिछोर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक हैं। उन्होंने 2023 का मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव जीता है। उन्होंने 6 बार के विधायक केपी सिंह कक्काजू को बड़े अंतर से हराया है। बता दें कि 1959 में जन्में प्रीतमल लोधी मध्य प्रदेश के सीनियर नेता हैं। लेकिन इस तरह की गुंडागर्दी के बाद उनकी ही नहीं पूरे प्रदेश सरकार की छवि धूमिल हुई है।

**जानिए क्या है पूरा मामला**

बता दें कि यह मामला 16 अप्रैल सुबह करीब 7 से 8 बजे की बीच का है। जब संजय परिहार अपने साथियों के साथ बाइक से करैरा जा रहे थे। वहीं दो महिलाओं भी पैदल चल रही थीं। तभी पीछे से आई एक थार ने पहले महिलाओं को टक्कर मारी फिर बाइक सवार को कुचल दिया। बाद में पिता चला कि इस गाड़ी को विधायक प्रीतम सिंह लोधी का बेटा दिनेश लोधी था। जब पीड़ितों ने विरोध किया तो विधायक पुत्र ने धमकी देते हुए कहा-तुम जानते नहीं हो मुझे मेरा बाप विधायक है, मेरा कुछ नहीं होगा। जब इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किया तो विधायक ने इस पर पुलिस को धमकी दे डाली।

## 75 नहीं, 175 साल तक आरक्षण ले लो, हमें नहीं चाहिए', संविधान 242 सांसदों ने मिलकर बनाया था : बृजभूषण शरण सिंह

( यंग भारत न्यूज )



**अयोध्या।** अयोध्या में परशुराम जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कैसरगंज के पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने आरक्षण व्यवस्था और संविधान को लेकर बयान दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि '75 नहीं, 175 साल तक आरक्षण ले लो, हमें इसकी आवश्यकता नहीं है।'

रविवार को दिए अपने संबोधन में बृजभूषण सिंह ने कहा कि आज भी कई पारंपरिक समुदाय विकास की मुख्यधारा से दूर हैं। उन्होंने कहा कि 'इन 75 सालों में आपका कितना भला हुआ ? मंडल आयोग आया, फिर भी पूरी तरह भला नहीं हुआ। हालांकि कुछ लोगों का भला जरूर हुआ, लेकिन जो वास्तविक हकदार थे, उनको लाभ मिला। अगड़ों में जो पिछड़े बन गए, उनका भला हुआ, लेकिन लोहार, कुम्हार, बढ़ई और तेली जैसे पारंपरिक समुदायों का भला नहीं हुआ।' संविधान निर्माण को लेकर उन्होंने कहा कि 'संविधान केवल डॉ. भीमराव अंबेडकर ने ही नहीं, बल्कि 242 सांसदों ने मिलकर बनाया था।' अपने संबोधन में उन्होंने 'काशी जी' का जिक्र करते हुए कहा कि वह एक समाजसेवी थे और उन्होंने समाज को समझाने का काम किया। बृजभूषण सिंह ने कहा कि 'अगर आप आज अगड़े समाज को देखना चाहते हैं तो देख लीजिए—हम गौशालाओं में मजदूरी करते हैं, रिक्शा चलाते हैं और मंदिरों में श्रम करते हैं। हम सफाई कर्मचारी के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। हमने यह तय कर लिया है कि हम आरक्षण का विरोध नहीं करेंगे।'

उन्होंने आगे कहा कि 'हम लोगों ने सहमति से राजपाठ और जमींदारी छोड़ी, हमें इसका कोई पछतावा नहीं है, लेकिन आपके जीवन में अपेक्षित परिवर्तन नहीं आ रहा है। क्योंकि आपके समाज के कुछ असली और नकली लोग हैं, जो ऊँचे स्थानों पर बैठे हैं और आपको ऊपर नहीं आने देना चाहते।'

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में पालिका द्वारा टायलीकरण व वार्षिकोत्सव पुरुष्कार वितरण व स्कूल चलो अभियान आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में विकास कार्यों के उद्घाटन के साथ ही स्कूल चलो अभियान,वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कक्ष में टायलीकरण तथा ग्राउंड में एपिक्स कार्य का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभासद विनोद सोनी एवं सभासद प्रतिनिधि अशोक कुमार गुर्जर भी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल चलो अभियान के संदेश के साथ हुआ, जिसमें अभिभावकों और विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे अतिथियों और उपस्थित जनों ने खूब सराहा।वार्षिक उत्सव के अंतर्गत विद्यालय में शैक्षिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होते हैं।विद्यालय के प्रधानाध्यापक अतुल कुमार सोनी ने विद्यालय में कराए गए विकास कार्यों के लिए मुख्य अतिथि एवं पालिका का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से विद्यालय का वातावरण और अधिक बेहतर होगा, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में सुविधा मिलेगी।कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष विनय झा, शिक्षिका चिंतामणि सिंह, पूजा गुप्ता, एआरपी त्रिभुवन निरंजन, रविंद्र निरंजन सहित शिक्षकगण—जितेंद्र कुमार गुप्ता, रंजन गोस्वामी, धर्मेंद्र कुमार, रुचिर नायक,आशीष कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजेंद्र कुमार वर्मा ने किया।

# मीटिंग में कोतवाल ने थानेदारों तथा सिपाहियों को अपराध नियंत्रण के निर्देश दिये

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** स्थानीय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी की अध्यक्षता में सब इंस्पेक्टरों, चौकी प्रभारियों तथा हल्का इंचार्जों,मोहरिरो की मीटिंग सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश के अनुरूप शान्ति व्यवस्था बनाने तथा अपराध नियंत्रण करने के गतिशीलता से अपने दायित्वों का निर्वाह करें।

कोतवाली कालपी के सभागार में आयोजित अपराध समीक्षा की बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी ने कहा कि जन सामान्य के लम्बित पशिकायती पत्रों,तहसील समाधान दिवस, थाना दिवस, आइजीआरएस एवं अधिकारियों के द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्रों को मौके में जाकर गुणवत्ता पूर्वक तरीके से निस्तारण करें। एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह, टरननगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र, महमूदपुरा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह चंदेल, रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विपिन यादव, सब इंस्पेक्टर उपेंद्र शुक्ला, उपनिरीक्षक बृजनंदन यादव, उपनिरीक्षक पुत्तू लाल,उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया, हेड मुहर्रिर लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, मोहर्रिर शैलेंद्र सिंह, ऑपरेटर विनीता देवी, अंकित वर्मा, कंप्यूटर मोहर्रिर दीपेंद्र मिश्रा, मोहर्रिर धीरेंद्र सिंह,राम सिंह, आशीष यादव आदि ने मीटिंग में सहभागिता की।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण में तीन सौ कर्मचारियों को बारीकी से दिया गया प्रशिक्षण

## डिप्टी डायरेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** भारत सरकार की योजना के तहत सोमवार से एमएसवी इंटर कॉलेज कालपी में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में भारत की जनगणना 2027 का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। मौके पर तीन सौ कर्मचारियों ने बारीकी से जनगणना का प्रशिक्षण हासिल किया। प्रदेश के उपनिदेशक जनगणना मनोज कुमार मौर्य ने प्रशिक्षण स्थल का औचक निरीक्षण करके जरूरी निर्देश दिए। सोमवार को विद्यालय के 6 अलग-अलग कमरों में प्रशिक्षार्थियों के लिए भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक तीन तीन सौ कर्मचारियों को प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 5 एवं 11 के तहत सुपरवाइजरों को नियुक्त किया गया है। नामित प्रशिक्षण के द्वारा जनगणना का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूर्णता डिजिटल जनगणना की व्यवस्था कराई गई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार,चंद्र मोहन शुक्ला के अलावा प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे। प्रदेश के डिप्टी डायरेक्टर जनगणना मनोज कुमार मौर्य ने जनगणना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

# हाइवे में लगी आग पर एसडीएम,सीओ, कोतवाल तथा दमकल कर्मी मौके पर

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** सोमवार को झांसी - कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित पेट्रोल पम्प के सटे हिस्से में आग लगने की बड़ी घटना हो गई। फलस्वरूप हाइवे में अफरातफरी मच गयी। खबर पाते ही एसडीएम,सीओ कोतवाल दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंच गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मचारियों को मशक्कत करनी पड़ी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक निकटवर्ती ग्राम छौंक में स्थित द दिवौलिया पेट्रोल पंप से सटे बगल के हिस्से में आग लगने लगी देखते-देखते आज ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना पर अप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, के साथ अग्निशमन विभाग के कर्मचारी दमकल वाहन लेकर के मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर अग्निशमन केंद्र उरई से दमकल वाहन कर्मचारियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। भीषण आग लगने से हाइवे रोड में अफरातफरी मच गयी। उपजिलाधिकारी ने बताया कि अगर कहीं पर भी आग लगने की घटना हो जाये तो तत्काल अग्निशमन केंद्र तथा आपात कालीन नंबरों में सूचना प्रदान करें।

# विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मूंग खरीद केंद्र बढाने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** मूंग की फसल की सरकारी खरीद को लेकर अगले माह बाद खुलने वाले खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाये जाने और अन्य सारी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त किए जाने सहित जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों के निराकरण की मंशा से विधायक मूलचंद्र निरंजन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उनको मांगपत्र सौंपा है।सोमवार को राजधानी लखनऊ में 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विधायक ने उन्हें मांगपत्र सौंपते हुए बताया कि विगत दिनों पूर्व कोंच तहसील क्षेत्र सहित समूची माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से खेतों में गेहूं आदि की अधिकांशत: फसलें नष्ट हो गई हैं जिससे किसानों को आर्थिक क्षति पहुंची है। विधायक ने बताया कि क्षेत्र के किसान अब मूंग की पैदावार और अच्छे दामों में सुगमता के बीच फसल बिक जाने के भरोसे हैं इसलिए मूंग के सरकारी खरीद केंद्रों की संख्या पिछली बार के मुकाबले इस बार बढ़ाई जाए और समय रहते सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। इसके अलावा विधायक ने इन दिनों चल रहे गेहूं खरीद केंद्रों पर वारदाना, ई-पॉश मशीन की कमी जैसी समस्याओं से परेशान होने वाले किसानों की पीड़ा भी मुख्यमंत्री को बताते हुए व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग की। ओलावृष्टि से प्रभावित ऐसे किसान जो शासन द्वारा प्रदत्त सहायता से वंचित रह गए हैं, को यथाशीघ्र सहायता उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रशासन को निर्देशित करने की मांग की। वहीं प्रदेश भर में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर की अनिवार्यता पर रोक लगाए जाने के फैसले पर विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए इस फैसले को जनहित में बताया। विधायक ने बताया कि किसानों सहित आमजन से जुड़ी समस्याओं को लेकर उनके द्वारा दिए गए मांगपत्र पर मुख्यमंत्री ने अतिशीघ्र ही कार्यवाही अमल में लाए जाने का भरोसा दिया है।

# पारिवारिक बंटवारे के विवाद में भाईयो में खूनी संघर्ष

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** पारिवारिक बंटवारे के विवाद में भाइयों के बीच खूनी संघर्ष हो गया जिसमें दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार मुहल्ला जयप्रकाश नगर में लखन लाल सोनी उम्र 60 वर्ष पुत्र कढोरे अपने परिवार के साथ रहता है। लखन का एक भाई अनिल सोनी प्रताप नगर स्थित अपने घर में रहता है और शेष अन्य भाई भी अलग रहते हैं। बताया जा रहा है कि उक्त भाइयों का जयप्रकाश नगर स्थित पुराने घर को लेकर आपस में विवाद है, सोमवार की शाम अनिल और एक अन्य भाई से लखन का विवाद होने लगा। गाली गलौज के साथ शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते आपस में खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट और हमले में लखन और उसकी पत्नी रेखा उम्र 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन में दोनों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया। हमले में दोनों के सिर में गंभीर चोटे आई।

# सड़क पार कर रहे रिटायर्ड शिक्षक को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर

## इलाज के लिए जाते समय रास्ते में मौत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** उरई-कोंच रोड पर उस समय एक दर्दनाक हादसा हुआ जव रिटायर अध्यापक कूडा डालकर सड़क पार कर रहे थे तभी तेज रफ्तार बाइक ने उनको जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी जान चली गई। वह घर का कूड़ा डालकर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से कानपुर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इमलौरी निवासी जगत प्रसाद निरंजन उम्र 65 वर्ष उत्तराखंड में शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने कोंच में मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के पास मकान बनवाया था, जहां वह पत्नी राजकुमारी के साथ रह रहे थे। शनिवार शाम वह उरई-कोंच रोड पार कर सीएचसी की तरफ कूड़ा डालने गए थे। कूड़ा डालकर वापस लौटते समय सड़क पार करते वक्त तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने स्थिति नाजुक होने पर उन्हें कानपुर के लिए रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी है। बेटा बिजली विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है और उसकी शादी हो चुकी है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है।

# परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 03 परिवारों के समझौते कराकर बिखरने से बचाया



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है। इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिंग की गयी, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी ।आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक-दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओ की जेब में डाल रहा डाका

## विरोध में सड़को पर उतरी महिलाए

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर जनता का सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है।नगर की कांशीराम कालोनी में मजदूर वर्ग की महिलाओं व लोगों ने अत्यधिक बिलिंग की समस्या को लेकर अपना गुस्सा जाहिर किया है और बिलिंग की समस्या के समाधान की मांग की।साथ ही लोगों ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर को पब्लिक की जेब पर डाका बताते हुए इन्हें हटाकर पुराने पोस्टपेड मीटर दोबारा लगाने की मांग की है। लोगों का आरोप है कि लगाए गए नए प्रीपेड स्मार्ट मीटर में दो हजार से पांच हजार रुपये तक मासिक बिजली बिल आ रहा है, जबकि पुराने पोस्टपेड मीटरों में 100 से 200 रुपये तक ही बिल आता था। लोगों का कहना है कि 'स्मार्ट' सुविधा जनता के लिए आफत बनती जा रही है। महिलाओं का आरोप है कि बिजली विभाग बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगा रहा है, स्मार्ट मीटर में बिलिंग गड़बड़ी के कारण ही विरोध हो रहा है और बिजली अधिकारी पुराने मीटर हटाकर जबरन नए मीटर लगा रहे हैं। बिजली विभाग के एसडीओ रवींद्र कुमार ने बताया कि उपभोक्ता लगातार समस्याएं लेकर आ रहे हैं और विभाग उनके समाधान का प्रयास कर रहा है। अब तक 100 से अधिक शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें अधिकांश शिकायतें अत्यधिक बिलिंग से संबंधित हैं।

# बिजली चोरी पर विजिलेंस की बडी कार्रवाई,टीम ने छापामार कर अवैध कनेक्शन काटे

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने सागर चौकी क्षेत्र गांधी नगर इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी के कई मामलों का खुलासा किया। अचानक हुई इस छापेमारी से इलाके में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ओवरलोडिंग और बिजली की अनियमित आपूर्ति की शिकायतों को देखते हुए विद्युत विभाग ने यह अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान टीम ने कई स्थानों पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए कनेक्शन पकड़े। मौके पर मौजूद टीम ने संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की।

जेई अमन पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में ट्रांसफार्मरों पर बढ़ते लोड और बिजली चोरी की शिकायतों के कारण यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और यह अभियान आगे भी अनवरत जारी रहेगा। इस दौरान विजिलेंस टीम प्रभारी मुहम्मद आसिफ, विजिलेंस जेई प्रमोद कुमार,सिपाही रवि कुमार, सुनीता, लाइनमैन प्रदीप झा और जितेंद्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। टीम ने लोगों से अपील की कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें और बिजली चोरी से बचें, ताकि क्षेत्र में सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बिजली चोरी करते वालों में हड़कंप मच गया।वहीं विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलते रहेंगे।

# परशुराम मंदिर में भक्तों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती कर किया प्रसाद वितरण

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई ।** परशुराम जयंती के अवसर पर नगर के चौधरयाना मोहल्ला स्थित परशुराम मंदिर में भक्तों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण के बाद नगर में ब्राह्मण चेतना परिषद के तत्वावधान में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा परशुराम मंदिर से शुरू होकर सब्जी मंडी, पानी की टंकी, तहसील, कांजी हाउस, देवनगर चौराहा, कोतवाली रोड, काली माता मंदिर, तहसील रोड, बस स्टैंड, बड़ी माता, छोटी माता होते हुए पुन: मंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला और शोभा यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। अंत में समाज के बुजुर्गजनों को श्रीफल, शॉल ओढ़ाकर व मालाएं पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर एडवोकेट उमेश दीक्षित, सपा नेता दीपू त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र त्रिपाठी, सपा नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी, डॉक्टर वेद प्रकाश शर्मा, नीशू पाठक, उमेश दुबे, प्रद्युम्न दीक्षित, अवनीश दीक्षित, राघवेंद्र नगाइच, मोंटू मिश्रा, एडवोकेट पिंटू सिहारी, आदित्य भूषण तिवारी, शिक्षक धर्मेंद्र मिश्रा, वास्स्पति मिश्रा, विद्यासागर मिश्रा, रामकुमार चतुर्वेदी, डॉ. संजय शुक्ला, शिवराम तिवारी, पूजा शुक्ला, भगवानदास तिवारी, प्रखर पाठक, अरविंद बाजपेई आदि रहे।

# कस्तूरबा विद्यालय में बाल विवाह जागरूकता गोष्ठी आज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सामाजिक संस्था अनुरागिनी द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 'बाल विवाह निषेध जागरूकता संगोष्ठी' का आयोजन 21 अप्रैल मंगलवार को अपराह्न एक बजे से किया जाएगा। यह कार्यक्रम बालिकाओं को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के प्रति जागरूक करने, उनके अधिकारों की जानकारी देने तथा सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर जीवन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। उनके साथ प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, विद्यालय परिवार, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी। संगोष्ठी के दौरान बाल विवाह निषेध, महिला सुरक्षा, शिक्षा का महत्व, गुड टच-बैड टच, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी एवं सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक श्याम करण ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि बालिकाओं को आत्मविश्वासी, सुरक्षित और सशक्त बनाना है।

# स्वास्थ्य केंद्र में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को जागरूक करते हुए अभियान चलाया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को जागरूक करते हुए अभियान चलाया। अभियान के दौरान महिला चौकी प्रभारी मधु देवी ने बताया कि कोई भी अंजान काल से सावधान रहें। अंजान व्यक्तियों के साथ अपना पर्सनल मोबाइल नबर शेयर न करें। कोई अनजान व्यक्ति यदि कोई लिंक भेजता है तो उसे न खोलें। ऐसा करने आपका मोबाइल हैंक हो सकता है। किसी को भी अपनी पर्सनल तस्वीरें न भेजें। जागरूक रहकर आप साइबर फ्रॉड से बच सकती हैं। महिला सिपाही प्रकांक्षा ने वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई। अंत में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। इस मौके पर मीनाक्षी, अदिति, सोनम, करिश्मा, पूनम, शालिनी, प्रकांक्षा, विनीता, अनीता आदि मौजूद रहे।

# चल-अचल संपत्ति हड़पने के इरादे से घर मे घुसकर दबंगो ने महिलाओं को बुरी तरह पीटा, सिरसा थाने ने नही लिखी रिपोर्ट

## पीड़ित परिवार एसपी के समक्ष हुआ पेश, एसपी ने दिए कड़ी कार्यवाही के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई( जालौन )।** सिरसा कलार थानांतर्गत ग्राम जखा में चल अचल संपत्ति हड़पने की नियत से सास-बहू व उसके सात माह के बच्चे पर घर में घुसकर जान लेवा लाठी,डण्डों से हमला कर लहूलुहान कर दिया ।सात माह के बच्चे को पड़ोसी युवती हमलावरों से बचाकर अपने घर में छिपा लिया। तो हमलावरों ने उसके घर पर भी जाकर बच्चे को जान से मारने का प्रयास किया।

उपरोक्त संबंध में ग्राम जखा थाना सिरसा कलार निवासी श्रीमती भूरी देवी पत्नी जगवीर सिंह ने मुख्यमंत्री एवं पुलिस अधीक्षक जालौन को प्रार्थना पत्र देते हुए जानकारी दी गई ।कि विगत दिवस मेरी बहू शकुंतला अपने बच्चे को मुझे घर के बाहर दरवाजे पर दे गई ।नाती को दरवाजे पर बैठ कर खिला रही थी तभी गांव के ही मेरे मकान के बगल में रहने वाले आकाश व उसके पिता रामसेवक पुत्र प्रताप सिंह व मां श्रीमती रामसखा,पत्नी नन्दोखी आदि लोगों द्वारा परिवार से खुन्नस मानते हुए सात माह के नाती व मुझ पर लाठी डंडों से लैस होकर दरवाजे पर मारपीट करने लगे ।तो मैं बच्चे को बचाने के लिए घर के अन्दर घुस गई। उपरोक्त सभी हमलावर घर के अन्दर घुस कर वहां भी मारपीट करने लगे। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाली युवती बच्चे को उठा ले गई ।तो हमलावरों ने कहा कि मेरे औलाद नहीं है तुम्हें भी बगैर औलाद के कर दूंगा। इसका बहू शकुंतला ने विरोध किया तो उसे भी लाठी डण्डों से मारपीट कर मरणासन्न अवस्था में कर दिया। पुलिस की 112 नम्बर गाड़ी को सूचना दी गई तो तत्काल पुलिस पहुंच गई। तो पुलिस सास बहू को थाने तक ले गई। लेकिन डाक्टरी किसी की नहीं कराई। जो पीड़ित महिलाओं द्वारा बताया गया। सिरसा कलार पुलिस द्वारा घटना की वह बात को दर्ज न करके अपने हिसाब से घटना दर्शाकर रिपोर्ट धारा 151 में दर्ज कर पीड़ित पक्ष को टरका दिया ।आज जब पीड़ित पक्ष ने अपने सेवानिवृत्त सैनिक रिश्तेदार के साथ उपरोक्त संबंध में पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत की। तो वहां सिरसा कलार थाना प्रभारी के चहेते दरोगा द्वारा एसपी से मिलने से पूर्व श्रीमती भूरी देवी व उसकी बहू शकुंतला को हड़काते हुए कहा कि तुम लोग थाना प्रभारी का क्या विगाड़ लोगे। तभी उसकी बात सैनिक रिश्तेदार ने सुनी तो उन्होंने उस दरोगा को खरी खोंटी सुनाई। तो वह वहां से चुपचाप खिसक लिया। जब पीड़ित पक्ष एसपी से मिला। और उपरोक्त घटना की मैं फोटो व बीडियो? दिखाये ।तो कप्तान ने संबंधित थाना प्रभारी से बात की। और उसे फटकार लगाते हुए उपरोक्त घटना की सही रिपोर्ट दर्ज कर उन घायल महिलाओं की दुबारा मेडिकल परीक्षण कराने का निर्देश दिया। और कहा कि डाक्टरी रिपोर्ट के अनुरूप मुकदमा दर्ज किया जाए। हमलावरों के विरुद्ध शीघ्र ही मुकदमा दर्ज कर जांच निश्पक्ष कर मुझे शीघ्र अवगत कराने का निर्देश दिया। उपरोक्त घटना की सभी फोटो व वीडियो देखे। उसी के अनुरूप मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कराने का पूर्ण आश्वाशन दिया।

# विचारों से बनेगा बदलावः उरई में अंबेडकर-फुले स्मृति में वैचारिक समागम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जन संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की स्मृति में रविवार दोपहर रघुवीर धाम सभा गृह में एक विशाल वैचारिक समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा ने की, जबकि संचालन मोर्चा संयोजक कामरेड गिरेंद्र सिंह ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर रविकांत चंदन ने कहा कि किसी जाति विशेष में जन्म लेने मात्र से कोई अंबेडकरवादी नहीं बन जाता, बल्कि अंबेडकरवाद को समझकर और अपनाकर अर्जित करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के ऐतिहासिक हस्तक्षेप के कारण ही भारत में महिलाओं को पहले आम चुनाव में ही मताधिकार मिला, जबकि कई विकसित देशों में महिलाओं को इसके लिए दशकों तक संघर्ष करना पड़ा। युवा चिंतक नीरज भाई पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा कि आरक्षण को लेकर 'मेरिट' पर सवाल उठाने वालों को पहले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के संदर्भ में भी समान दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाबा साहब के विचार मानवतावादी थे और उनमें किसी जाति या वर्ग के प्रति प्रतिशोध की भावना नहीं थी। वरिष्ठ पत्रकार के.पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर एकपक्षीय आलोचक नहीं थे। उन्होंने मनुस्मृति की आलोचना की, लेकिन उसके कुछ प्रावधानों—जैसे बेटियों को संपत्ति में हिस्सेदारी—का भी उल्लेख किया। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहब ने लोकतंत्र में विपक्ष की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए वैदिक परंपराओं का उदाहरण दिया था, जो उनकी संतुलित और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। डीवी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. राम प्रताप ने संविधान के माध्यम से भारत में मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव रखने के लिए बाबा साहब के योगदान को सराहा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, रामकृष्ण शुक्ला, अशोक गुप्ता महाबली, इप्टा अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, चौधरी जयकरन सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राखी राजपूत, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर चौधरी, महेश शिरोमणि, बसपा नेता राम शरण जाटव, महेश विश्वकर्मा, दुलीचंद्र विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर सीओ ऑफिस के बगल में जा घुसा एक दुकान के अंदर

## बाइक क्षतिग्रस्त दो घायल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कस्बा व कोतवाली जालौन के क्षेत्राधिकारी कार्यालय के सामने तेजगति से आ रहा ट्रैक्टर किराने की दुकान में जा घुसा जिसकी चपेट में आने से किराने की दुकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो साथ दो लोग घायल होने के साथ ही वहां पर खड़ी बाइक बुरी तरह तहस-नहस हो गयी।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां पर दुकानदार की हालत चिंताजनक देख डाक्टरों ने मेडिकल कालेज रिफर कर देने के साथ ही घटना को अंजाम देने वाले ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# कृषक समृद्धि की राह पर जनपद, प्रभारी राज्यमंत्री कुलजीत सिंह ने की विभागीय कार्यों की सराहना

( यंग भारत न्यूज )




- कृषि सम्रद्धि के बारे में प्रभारी मंत्री का वक्तव्य भिर्मपूर्ण
- समीक्षा बैठक में, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जताया संतोष

**उरई ( जालौन )।** कुलजीत सिंह (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री), प्रभारी एवं सदस्य, कृषक समृद्धि आयोग उ0प्र0 शासन, लखनऊ ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध विभागों की समीक्षा बैठक में जनपद में संचालित योजनाओं की प्रगति का गहन अवलोकन किया। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए समन्वित प्रयासों की सराहना की और कहा कि जनपद में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है, जिससे पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ मिल रहा है। मा0 राज्यमंत्री ने सहकारिता, पशुधन, मत्स्य, उद्यान, रेशम, ऊर्जा, सिंचाई, लघु सिंचाई, वन तथा खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय वृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए इन विभागों की योजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, और जनपद में इनका क्रियान्वयन एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में उभर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखते हुए अधिक से अधिक किसानों और लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। साथ ही विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी उपयोग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर मा0 राज्यमंत्री ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जनपद में कृषक समृद्धि के लक्ष्य को तेजी से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, उप कृषि निदेशक एस के उत्तम, डीएचओ परवेज खान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक 21 को

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र ने बताया कि जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 21 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 4:00 बजे रानी लक्ष्मीबाई सभागार (विकास भवन), उरई में आहूत की जानी है। अत: उद्यमी सघों के पदाधिकारियों तथा जनपद के उद्यमी बन्धुओं, (जिनकी उद्योग से सम्बन्धित कोई समस्या हो) उनसें अनुरोध है कि कृपया समस्या तथा सुझाव सहित एवं सम्बन्धित सभी अधिकारीगण विगत बैठक के निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाही प्रगति सहित बैठक में भाग लेने का कष्ट करें।

उरई की खबरें पेज नं 8 पर भी देखें

# सरकार की हर घर नल योजना होती दिख रही फेल

## बूंद-बूंद पानी को तरसे इटौरा गुरु के ग्रामीण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल योजना ब्लॉक कदौरा के ग्राम इटौरा गुरु में बदहाल व्यवस्था और विभागीय लापरवाही के चलते पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। गांव में पिछले करीब तीन माह से जलापूर्ति ठप पड़ी है, जिससे ग्रामीण भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। हालात यह हैं कि घर-घर नल कनेक्शन होने के बावजूद लोगों को पीने का पानी जुटाने के लिए दूर-दराज के स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। शुरुआत में कुछ दिनों तक नलों में पानी आया, लेकिन इसके बाद अधिकांश मोहल्लों की सप्लाई अचानक बंद हो गई, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगे पुराने हैंडपंप भी लंबे समय से खराब पड़े हैं और उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। ऐसे में पानी का कोई वैकल्पिक साधन भी उपलब्ध नहीं है। जल जीवन मिशन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि कई बार लिखित व मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं, शासन के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत संख्या 40016526004370 दर्ज होने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, पोर्टल पर निस्तारण के लिए एक-एक महीने की तारीखें दी जा रही हैं, जबकि पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए इतना इंतजार करना संभव नहीं है। करीब चार माह से विभागीय दफ्तरों के चक्कर काट रहे ग्रामीण अब आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# ग्राम अलीपुर में डॉ. अंबेडकर जयंती पर भव्य समारोह, गीतों से गूंजा गांव

## सामाजिक समरसता और संविधानिक मूल्यों पर दिया जोर

( यंग भारत न्यूज )




**कदौरा,जालौन।** विकास खंड कदौरा के ग्राम अलीपुर में रविवार को देर रात को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बहुजन मिशन के साथियों सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

ग्रामवासियों की कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब को माल्यार्पण कर अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। फूलमालाएं अर्पित कर जोरदार नारे लगाए गए और उनके सिद्धांतों, संघर्ष तथा संविधान निर्माण में योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी नेहा वर्मा ने ग्राम कमेटी के सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं में वरिष्ठ शिक्षक रामअवतार गौतम, रमाकांत दोहरे, महेंद्र दोहरे डॉ पुनीत भारती, सुधाकर राव,मानवेंद्र सिंह, दीपक गौतम, नाथूराम बौद्ध, रविंद्र कुमार, सुभाष चंद्र, बहोरन सिंह, धर्मेंद्र भारती, जनमेजय सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संगीत पार्टी ने अंबेडकर जी की जीवनी पर आधारित गीत प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। ग्रामीणों ने इस आयोजन को सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर सुन्दर शास्त्री, विजय रत्न,लाखन, राजेश, ईशु, राहुल, सुमित, देवेंद्र कुमार सहित मौजूद रहे।

# राशन वितरण में गड़बड़ी का आरोप, ग्रामीणों ने प्रशासन से की जांच की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई( जालौन ):** जिले के रामपुरा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन) के तहत अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी ने कोटेदार पर राशन वितरण में कमी करने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता राजश्री ने उचित दर विक्रेता रामप्रकाश के खिलाफ आरोप लगाते हुए कहा है कि वह निर्धारित मात्रा से कम राशन वितरित कर रहा है। उनके अनुसार, प्रत्येक राशन कार्ड धारक को लगभग दो किलो तक कम राशन दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जब उपभोक्ता इस गड़बड़ी का विरोध करते हैं, तो कोटेदार द्वारा उनके साथ गाली-गलौज की जाती है और दबाव बनाकर चुप कराया जाता है। साथ ही, राशन वितरण में पारदर्शिता की कमी बताई गई है और कई बार लाभार्थियों को बिना कारण अगले दिन आने के लिए कह दिया जाता है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने अपने आरोपों की सत्यता की शपथ भी पत्र में दी है। फिलहाल, इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है ।इस मौके पर राजेश्वरी, जमुना,भूरी बाई, मुन्नी देवी,रामजानकी सहित कई लोग उपस्थित रहे!

# भ्रामक खबरों का खंडन, कालपी तहसील में ओलावृष्टि से फसल नुकसान की खबर निराधार–एसडीएम मनोज सिंह

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम धामनी में एक व्यक्ति की मृत्यु को लेकर कुछ माध्यमों में फसल नुकसान एवं आर्थिक तंगी से जोड़कर प्रसारित की जा रही खबरों को उप जिलाधिकारी कालपी मनोज सिंह ने पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तहसील स्तर पर कराई गई जांच में ऐसी किसी भी प्रकार की स्थिति सामने नहीं आई है, जिससे उक्त घटना का संबंध फसल क्षति या आर्थिक संकट से स्थापित हो सके। उप जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 19 अप्रैल 2026 को थाना क्षेत्र सिरसाकलार अंतर्गत ग्राम धामनी के ग्राम प्रधान द्वारा दूरभाष पर सूचना दी गई थी कि ग्राम निवासी अवधेश अवस्थी उर्फ बबलू अवस्थी (उम्र लगभग 45 वर्ष), जो दिल्ली में निजी नौकरी करते थे और लगभग 10 दिन पूर्व अपने गांव लौटे थे, ने घरेलू विवाद के चलते गांव के बाहर स्थित बगिया में नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर स्थानीय पुलिस एवं फील्ड यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए पंचायतनामा की प्रक्रिया पूर्ण की गई। उन्होंने आगे बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया है कि मृतक के परिजनों द्वारा लगभग 16 बीघा में गेहूं की फसल की कटाई पूर्व में ही कर ली गई थी तथा कालपी तहसील क्षेत्र में कहीं भी ओलावृष्टि अथवा अतिवृष्टि से फसल प्रभावित होने की पुष्टि नहीं हुई है। ग्राम धामनी में भी किसी प्रकार की ओलावृष्टि या फसल नुकसान की स्थिति नहीं पाई गई है। उप जिलाधिकारी मनोज सिंह ने कहा कि कुछ माध्यमों द्वारा बिना सत्यापन के घटना को फसल नुकसान और आर्थिक तंगी से जोड़कर प्रस्तुत किया जाना न केवल भ्रामक है, बल्कि इससे जनसामान्य में अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है, जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# पुलिस ने कराया रोडवेज बस के चालक व पत्रकार के बीच समझौता

( यंग भारत न्यूज )





**उरई ( जालौन )।** रामपुरा थाना क्षेत्र में यूपी रोडवेज बस के चालक व परिचालक द्वारा एक पत्रकार के साथ अभद्रता, जातिसूचक गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया। घटना 16 अप्रैल 2026 की शाम करीब 7:20 बजे की बताई गई। पीड़ित पत्रकार बस स्टैंड के पास दुकान पर सामान ले रहे थे, तभी बस नम्बर यूपी 33 एटी 4542 वहाँ रुकी। आरोप है कि परिचालक के कहने पर चालक ने करीब 10 मिनट तक बेवजह हॉर्न बजाया। मना करने पर दोनों ने पत्रकार से अभद्रता की और जातिसूचक शब्द कहे तथा धमकी दी।

पीड़ित ने थाना रामपुरा में तहरीर दी, लेकिन 72 घंटे तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय पत्रकारों के एकजुट होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने मामला सुना और चालक रोहित व परिचालक गौरव दुबौलिया को थाने बुलाया। दोनों ने अपनी गलती स्वीकार कर क्षमा माँग ली, जिसके बाद पत्रकारों ने मामला सुलह कर लिया। हालाँकि पीड़ित का कहना है कि यह जातिगत अपमान का गंभीर मामला था। इस घटना से राजकीय परिवहन विभाग पर भी सवाल उठे हैं कि आम यात्रियों के साथ ऐसे चालक-परिचालक कैसा व्यवहार करते होंगे।

# देशी घी के नाम पर दुकानदार कर रहे लोगों को गुमराह

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** आज कल बाजार में घी के नाम पर ऐसा खेल चल रहा है कि आम आदमी भी गुमराह हो जाए। जिसके चलते एक तरफ 'खाने वाला घी' और दूसरी तरफ 'सिर्फ पूजा के लिए' लिखा हुआ घी है अब सवाल ये उठता है कि जिसे हम अपने पेट में नहीं डाल सकते, उसे भगवान के चरणों में कैसे चढ़ा सकते हैं? हाल ही में एक दुकान पर ऐसा ही घी देखने को मिला, जिसके डिब्बे पर साफ-साफ लिखा था कि यह घी 'खाने योग्य नहीं' है। अब भाई, ये कौन सा नया ट्रेंड है? इंसान के लिए नहीं, लेकिन भगवान के लिए फिट बैठता नजर आ रहा है ।लोगों में इसको लेकर चर्चा तेज हो गई है और कई लोग इसे सीधा-सीधा भावनाओं के साथ खिलवाड़ मान रहे हैं। जबकि धार्मिक मान्यताओं की मानें तो हवन और पूजा में शुद्ध गाय का घी सबसे उत्तम माना जाता है, जिसके आयुर्वेदिक फायदे भी बताए गए हैं। लेकिन मंहगाई के इस दौर में सस्ता मिलने के चक्कर में लोग 'पूजा वाला घी' खरीद लेते हैं, बिना ये सोचे कि उसकी गुणवत्ता क्या है। मामला सिर्फ आस्था का नहीं है बल्कि समझदारी का भी है। ऊपर वाला सब जानता है कि ये बात हम खुद कहते हैं, फिर भी उसी के सामने दिखावे में समझौता कर जाते हैं ।अब वक्त है थोड़ा जागने का। पूजा-पाठ में इस्तेमाल होने वाली चीजों को भी उतनी ही सावधानी से चुनें, जितनी अपने खाने-पीने की चीजों को चुनते हैं। आखिर भक्ति में भी मिलावट कैसी? तो अगली बार जब घी खरीदने जाएं, लेबल जरूर पढ़ें... क्योंकि 'भगवान भी क्वालिटी भी आप लोग समझते हैं!'

# अमखेड़ा प्राथमिक विद्यालय में पुस्तक व परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम संपन्न, बच्चों को मिला प्रेरणा का संदेश

( यंग भारत न्यूज )

**माधोगढ़ जालौन।** क्षेत्र के अमखेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में आज पुस्तक वितरण एवं परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद के संरक्षक डॉ. वेद प्रकाश शर्मा एवं अध्यक्ष सुशील वाजपेई उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक बालकृष्ण ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।



कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सहायक अध्यापक श्याम जी निरंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक विपिन उपाध्याय ने बच्चों को संबोधित करते हुए नियमित रूप से विद्यालय ड्रेस में आने और शिक्षा के महत्व को समझने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 'शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विशिष्ट अतिथि अभिषेक हर्षवर्धन ने प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया, वहीं साईं बाबा के भक्त देवेंद्र तिवारी ने बच्चों को संस्कार एवं संस्कृति से जुड़े रहने की सीख दी। गाम प्रधान प्रतिनिधि आलोक ने भी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के भौतिक परिवेश और व्यवस्थाओं को देखकर सभी अतिथि संतुष्ट नजर आए और उन्होंने बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में भारत विकास परिषद एवं हर्ष दान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों को कॉपी वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अशोक जी, अबलाख सिंह, अंशुमान द्विवेदी, सविता कुशवाहा, अनु गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बच्चों में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

# गंदगी से कराह उठा टिकरी गांव, दसस्यू सुंदरी कुसमा नाइन का गॉव है यह

( यंग भारत न्यूज )



- जाम नालियां, कूड़े के ढेर से हाल बेहाल
- संक्रामक बीमारियों का बढ़ा खतरा, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**कुठौंद जालौन।** जालौन जनपद के कुठौंद विकास खंड अंतर्गत ग्राम टिकरी मु. में फैली गंदगी और जाम नालियों की समस्या अब गंभीर रूप लेती जा रही है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने एकजुट होकर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। जगह-जगह कूड़ा-करकट के ढेर लगे हुए हैं, जबकि अधिकांश नालियां जाम पड़ी हैं। नियमित सफाई न होने के कारण पूरे गांव में तेज दुर्गंध फैल रही है, जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हैं कि संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गंदगी और जलभराव के कारण सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। कई स्थानों पर नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है। इस संबंध में ग्रामीण कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। ज्ञापन देने वालों में हर्षित तिवारी, किशन जी, अमित कुमार, हेमद खान, शैलेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार और आशीष द्विवेदी प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में मांग की कि गांव में तत्काल प्रभाव से सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए, जाम नालियों की सफाई कराई जाए और कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सुविधा नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य का गंभीर विषय है, जिस पर प्रशासन को प्राथमिकता से कार्य करना चाहिए।

# जल स्तर नीचे चले जाने से तीन अलग-अलग नलकूपों में स्थापित हुए नए समरसेबल मोटर, तीन में बढ़ाए गए पाइप

## पेयजल आपूर्ति के लिए जल संस्थान ने उठाया कदम

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** भीषण गर्मी शुरू होते ही नगरीय क्षेत्र में पेयजल सप्लाई को दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से जल संस्थान के द्वारा कवायद तेज कर दी गई है। नगर के अलग-अलग तीन सरकारी नलकूपों में नई मोटर स्थापित कर दिए गए हैं। जब के अलग-अलग ट्यूबबेल में बोरिंग में एक-एक पाइप बढ़ा दिया गया है।

जल संस्थान के अवर अभियंता इंजीनियर वाशित अली ने बताया कि नगर में स्थापित 15 नलकूपों में कई ट्यूबवेल के मोटर समरसेबल मोटर बार-बार खराब होते थे इसी को ध्यान में रखते हुए तीन नलकूपों में नए समरसेबल मोटर स्थापित किए गए हैं जिसमें 14 नंबर काजीपुरा में 30 हॉर्स पावर का समरसेबल मोटर लगाया गया है वही हरिगंज विभागीय कैंपस के नलकूप नंबर दो में 30 हॉर्स पावर का मोटर स्थापित किया गया है इसी प्रकार सब्जी मंडी में स्थापित नंबर 12 में 20 हॉर्स पावर का मोटर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में जलस्तर काफी गिर रहा है तथा सप्लाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसको मद्दे नजर रखते हुए ऊंचाई वाले स्थान में स्थापित तीन अलग-अलग नलकूपों में की बोरिंग में एक एक पाइप को बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अधिशासी अभियंता सोम प्रकाश के निर्देशन में पेयजल आपूर्ति के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# 20 लीटर नाजायज शराब समेत युवक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** बीती शाम को जोल्हुपुर मोड़ चौराहे के निकट अवैध रूप से 20 क्वार्टर शराब लेकर जा रहे युवक को इलाकाई पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दिनांक 19.04.2026 को कोतवाली कालपी के उपनिरीक्षक सूरजपाल सिंह, हमराही हेड कांस्टेबल विपिन कुमार व कांस्टेबल रंजीत सिंह चैकिंग अभियान में जा रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति कानपुर- झांसी हाईवे से कागज फैक्ट्री की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर ग्राम छौंक की ओर अवैध शराब लिए हुए जा रहा है। यदि जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है। पुलिस वाले मुखबिर को साथ ले गए बताए हुए स्थान की ओर चल दिए। जैसे ही पुलिस टीम झांसी कानपुर नेशनल हाईवे कच्चे रास्ते पर कागज फैक्ट्री की ओर मुड़े तो गाड़ी की रोशनी में एक व्यक्ति हाथ में सफेद थैला ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने अपनी गाड़ी को वहीं पर सड़क किनारे खड़ा कर दिया। धीरे-धीरे कदमों से उस व्यक्ति की ओर टॉर्च जलाकर चलने लगे उस व्यक्ति के पास पहुंचे तो जब पुलिस टीम के द्वारा रोकने के लिए कहा गया तो वह व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। मौका दिए बगैर आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी ।तो आरोपी ने अपना नाम शिवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मंकी निवासी ग्राम छौंक कालपी जिला जालौन बताया है। तथा जामा तलाशी में सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी को खोलकर पलट कर देखा गया तो 21 अदद शराब के क्वार्टर बरामद हुए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी का सुसंगत धाराओं में चालान कर दिया।

# धमनी के अवधेश की पत्नी से हो गई थी लड़ाई अगले दिन पेड़ पर लटका मिला अवधेश का शव

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के सिरसा कलार थाना क्षेत्र के धमनी गांव में एक किसान द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान अवधेश अवस्थी उर्फ बब्लू के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि रविवार सुबह घरेलू खर्च को लेकर उनकी पत्नी से कहासुनी हो गई थी। विवाद के बाद अवधेश गुस्से में घर से निकल गए। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। सोमवार सुबह जब कुछ ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तब उन्होंने पेड़ पर उनका शव लटका देखा। यह दृश्य देखकर गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है।




1

गांव में इस घटना के बाद मातम पसरा हुआ है और हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध है। ग्रामीणों का कहना है कि अवधेश गरीब किसान थे उनके पास सिर्फ 6 बीघा जमीन थी उसकी भी फसल खराब हो गई जिससे वह पहले ही तनाव में थे पत्नी से विवाद के बाद उन्होंने यह आत्मा घाती कदम उठा लिया। सीओ जालौन शैलेंद्र कुमार का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी

# संदिग्ध परिस्थितियों में मायके रह रही विवाहिता की मौत, ससुराल पक्ष पर लगाय गंभीर आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुस्मिलिया में मायके में रह रही 26 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान रूबी पुत्री परमेश्वरी दयाल के रूप में हुई है।



रूबी, मृतक 2

जानकारी के अनुसार, रूबी का विवाह पास के ग्राम धंतोली निवासी योगेंद्र सिंह के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था और मामला अदालत तक पहुंच गया था। शनिवार को तलाक की तारीख भी थी, जिसमें रूबी कोर्ट गई थी और वापस अपने मायके लौट आई थी। बताया जा रहा है कि रविवार को अचानक उसके पेट में तेज दर्द उठा, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी उरई ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# अर्टिगा कार पलटी तीन घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कुठौंद जालौन,** जालौन औरैया स्टेट हाईवे पर मदनेपुर पेट्रोल पंप के पास कुठौंद से जालौन की ओर जा रही अर्टिगा कार का संतुलन विगडने से वह पलट गई जिसमें कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया यहां से उनको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।




मिली जानकारी के अनुसार कुठौंद से जालौन से ओर आ रही कार का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई घायल लोगों को तत्काल अस्पताल लाया गया ।अंकुर पुत्र देवी शंकर जो गाड़ी को चला रहे थे वह गंभीर रूप से घायल हो गए कार में सवार अन्य दो लोगों के भी घायल होने की खबर है जिनके नाम बेटू व जीतू के भी घायल होने की खबर है घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया घायलों को बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है

# माधौगढ़ की सियासत में 'राजसी वापसी' की आहट, दीवान प्रद्युम्न सिंह जू देव फिर चर्चा में

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ जालौन ।** विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, वैसे-वैसे क्षेत्र की राजनीति में हलचल तेज होती जा रही है। इसी बीच माधौगढ़ की सियासत में एक पुराने और प्रभावशाली राजनीतिक परिवार की वापसी की सुगबुगाहट ने माहौल को और दिलचस्प बना दिया है। सरावन रियासत से जुड़े दीवान प्रद्युम्न सिंह जू देव का नाम एक बार फिर चर्चाओं के केंद्र में आ गया है।



इस परिवार का इतिहास केवल राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि देशभक्ति और सामाजिक नेतृत्व से भी गहराई से जुड़ा रहा है। बताया जाता है कि सरावन रियासत ने आजादी से पहले क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई थी और 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में भी इस परिवार के योगदान की गूंज आज तक सुनाई देती है। यही वजह है कि आज भी क्षेत्र में इस परिवार के प्रति लोगों का भावनात्मक जुड़ाव कायम है। आजादी के बाद भी इस परिवार का राजनीतिक प्रभाव लगातार बना रहा। स्वर्गीय शिवशंकर सिंह ने शुरुआती विधानसभा चुनावों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और जिला स्तर की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, स्वर्गीय दीवान हरिभूषण सिंह ने माधौगढ़ मंडी के प्रथम अध्यक्ष के रूप में किसानों की आवाज बुलंद की और किसान यूनियन में सक्रिय भूमिका निभाई। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी समय-समय पर चुनावी राजनीति में भाग लेकर अपनी पहचान बनाए रखी। इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए दीवान प्रद्युम्न सिंह जू देव खुद भी लंबे समय से सामाजिक और किसान आंदोलनों में सक्रिय रहे हैं। वे किसान यूनियन हरपाल गुट के बुंदेलखंड में कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके हैं और किसानों के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करते रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनकी सक्रियता उल्लेखनीय है। बुंदेलखंड इंटर कॉलेज और महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज जैसे संस्थानों से जुड़े रहते हुए वे शिक्षा के प्रसार में योगदान दे रहे हैं।

राजनीतिक तौर पर वे समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं और संगठन में उनकी सक्रियता लगातार बनी हुई है। स्थानीय राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उनकी मजबूत पारिवारिक विरासत, सामाजिक पकड़ और किसान मुद्दों पर सक्रियता उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में एक मजबूत दावेदार बना सकती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि माधौगढ़ की जनता इस 'राजनीतिक विरासत' को कितना समर्थन देती है और क्या दीवान प्रद्युम्न सिंह जू देव इस बार चुनावी मैदान में उतरकर अपनी दावेदारी को हकीकत में बदल पाते हैं।

# आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, एक मरा, दो सगे भाई गंभीर घायल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के उरई कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ग्राम मरोड़ा के पास मंदिर के नजदीक दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।



3

मिली जानकारी के अनुसार, उरई कोतवाली क्षेत्र के रामनगर निवासी परमेश्वरी (60), प्रताप (58) और कल्लू (55) आपस में सगे भाई थे। तीनों एक ही बाइक से ग्राम खरोसा में किसी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। देर रात जब वे वापस लौट रहे थे, तभी मरोड़ा गांव के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद प्रताप वाल्मीकि को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दो घायलों का इलाज जारी है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और गांव में शोक का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उद्योग बन्धु समिति की समीक्षा बैठक आज

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र ने बताया कि जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 21.04.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे रानी लक्ष्मीबाई सभागार (विकास भवन), उरई में आहूत की जानी है।

अत: उद्यमी सघों के पदाधिकारियों तथा जनपद के उद्यमी बन्धुओं, (जिनकी उद्योग से सम्बन्धित कोई समस्या हो) उनसें अनुरोध है कि कृपया समस्या तथा सुझाव सहित एवं सम्बन्धित सभी अधिकारीगण विगत बैठक के निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाही प्रगति सहित बैठक में भाग लेने का कष्ट करें।

# अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आग के संबंध में प्रचार प्रसार एवं पम्पलेट वितरित किये गये

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत दिनांक 20.04.2026 को मुख्य अग्निशमन अधिकारी ए0 के0 सिंह के निर्देशन में जनपद की फायर यूनिट कोंच/कालपी / जालौन के यूनिटो द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आग के संबंध में प्रचार प्रसार एवं पम्पलेट वितरित किये गये एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद जालौन के द्वारा ग्राम औता में ग्रामीणें को ग्रामीण क्षेत्र को आग के संबंध में जन जागरूक किया गया एवं पम्पलेट भी वितरित किये गये एवं निम्न जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जलते हुये बीड़ी-सिगरेट के टुकड़े को पैर से कुचलकर पूर्ण रूप से बुजाकर तब फेकिये। खलिहन, तालाब या अन्य पानी के साधनों के निकट लगाये। खलिहन के पास पानी के भरे घड़े व मिट्टी के ढेर तैयार रखिये। खलिहन व फूस के मकान रेलवे लाइन से कम से कम 100 फीट की दूरी पर होने चाहिये। बिजली की लाइन के नीचे एवं ट्रान्सफार्मर के पास खलिहन न लगाये और न फूस के छप्पर भी बनाइये। पुआल तथा कण्डों के पूर्ण रूप से सूख जाने पर निवास स्थान से कम से कम 100 फीट की दूरी पर ढेर रखे। गरम राख को पूर्ण रूप से ठंडा करके, अच्छा होगा कि किसी गड्ढे में फैके। रसई घर की छत टीन से बनाइये और यदि फूस की बनायें तो उसके अन्दर की ओर मिट्टी का लेप लगाये। गर्मी के दिनों में गाँव के सूखे तालाब को ट्यूबवेल या नहर के पानी से भर दें। ट्रैक्टर की चिंगारी से खलिहन को बचाइये। खेत में बचे हुए डन्ठल को न जलाइये, हवा चलने पर आग फैलने का खतरा रहता है एवं आग गाँव में भी फैल जाता है। थिरेसिंग करते समय एवं गेहूँ की कटाई करते समय डम्मों में पानी रखें।






10

# 16 साल की नाबालिग लड़की की हत्या की साजिश पिता ने रची, अब हो गया खुलासा

( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में बड़ी जानकारी सामने आई है...नाबालिग की हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है...नाबालिग की मौत का कातिल उसका पिता ही निकला...जानकारी के अनुसार, उन्होंने अपने दोस्त अब्दुल मन्नान के साथ मिलकर बेटी का गला दबाकर उसे मार डाला...पहचान छुपाने के लिए




विजय चौबे ने एसिड से बेटी का चेहरा जलाया....हत्या के बाद उन्होंने लड़की के शव को चिनहट से बाराबंकी के बड्डूपुर ले जाकर फेंक दिया...विजय चौबे ने अपनी बेटी के प्रेमी पर उसे गायब करने का आरोप लगाया था...

पिता विजय चौबे और अब्दुल मन्नान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है...पिता विजय चौबे अपनी बेटी के प्रेम प्रसंग से परेशान था, जिससे उसने यह कदम उठाया...

# मुस्लिम प्रेमी के घर में इस हालत में मिली हिन्दू प्रेमिका, परिजनों ने लगाए रूह कँपा देने वाला आरोप, आखिर बंद कमरे में क्या हुआ?

( यंग भारत न्यूज )

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के संतोषी नगर के टिकरापारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संतोषी नगर में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतिका की पहचान गुढ़ियारी निवासी कविता दास के रूप में हुई है, जिसका शव उसके प्रेमी महफूज खान के घर पर फंदे से लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।



### प्रेमी के घर में मिला शव

जानकारी के अनुसार, कविता दास गुढियारी इलाके की रहने वाली थी और उसका संतोषी नगर के निवासी महफूज खान से प्रेम संबंध था । रविवार को कविता की लाश महफूज के संतोषी नगर स्थित घर पर फंदे पर लटकी मिली। घटना के बाद मृतिका के परिजनों ने मौके पर पहुँचकर जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि कविता की खुदकुशी नहीं बल्कि हत्या की गई है। परिजनों ने मारपीट और हत्या की आशंका जताई है।

### युवक को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

इस पूरे मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव बरमाद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए आरोपी प्रेमी महफूज खान को हिरासत में ले लिया है और उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है। फ़िलहाल पुलिस इस पूरे मामले की हर एंगल से जाँच कर रही है।

# मां-बेटी से यौन शोषण, घर में घुसकर 'रेट लगाने' की बात कही, BJP नेता का बेटा दोस्त संग गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

एक पूर्व कैबिनेट मंत्री के बेटे को उसके दोस्त के साथ गिरफ्तार किया गया है. दोनों पर मां-बेटी के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप है. पीड़िता की ओर से शिकायत मिलने पर पुलिस ने सीसीटीवी और फोन में रिकॉर्ड किए गए वीडियो के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त की. केस दर्ज करने के बाद दोनों की गिरफ्तारी भी हुई लेकिन कुछ ही घंटे बाद आरोपियों को जमानत मिल गई. ये पूरा मामला मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र का है. इंडिया टुडे से जुड़े संदीप सैनी की रिपोर्ट के मुताबिक, घटना शनिवार, 18 अप्रैल की रात करीब 9 से 9:30 के बीच हुई है. पीड़ित लड़की और उनकी मां रात के खाने के बाद अपने घर के बाहर टहल रही थीं. इसी दौरान नशे में धुत्त स्कूटी सवार दो लड़के वहां रुके. इनमें से एक कथित तौर पर कल्याण सिंह सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सुधीर बालियान का बेटा आर्यमान रघुवंशी भी था. उसके दोस्त की पहचान शौर्य गुप्ता के तौर पर हुई है. आरोप है कि दोनों ने लड़की और उनकी मां के साथ यौन शोषण और गाली-गलौज की. इसका वीडियो पीड़िता ने अपने फोन में रिकॉर्ड कर लिया था.दोनों पर ये भी आरोप है कि शोर- मचाने पर जब पीड़ित मां-बेटी के परिजन मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट भी की. बाद में मौके से फरार हो गए. पीड़िताओं के परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी.शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वीडियो और सीसीटीवी वीडियो के



आधार पर दोनों की शिनाख्त की और कुछ ही समय में दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की गई. बाद में दोनों का एक और वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दोनों सलाखों के पीछे हाथ जोड़कर खड़े दिखाई दिए. हालांकि, बाद में उन्हें जमानत मिल गई.

**जेल में बंद दोनों आरोपी.**

घटना के बारे में पीड़िता ने बताया,

मैं रात के 9:30 के आसपास मम्मी के साथ अपने घर के बाहर घूम रही थी. दो लड़के सफेद रंग की स्कूटी पर आए. उन्होंने स्कूटी रोककर बोला कि यहां क्यों खड़े हो. मैंने कहा यह मेरा घर है. मेरी मम्मी ने कहा कि तुम मेरी लड़की से ऐसे क्यों बोल रहे हो? इसके बाद वो आपत्तिजनक बातें कहने लगा. पीड़िता ने आगे बताया कि जब उन्होंने कहा कि वो पुलिस को फोन करने जा रही हैं तो आरोपी बोले कि 'तुम्हारे फोन से पुलिस जल्दी नहीं आएगी. मेरे फोन से जल्दी आ जाएगी. मैं करता हूं.' पीड़िता के मुताबिक, उन्होंने इसका वीडियो भी बना लिया, जिसमें एक आरोपी मुंह छिपाने लगा. इस पर पूर्व मंत्री के बेटे ने उससे कहा कि 'मुंह क्यों छुपा रहा है, तेरे भाई का यहां हिसाब चलता है मुंह दिखा कुछ नहीं बिगाड़ सकता कोई हमारा.'

**पीड़िता ने आगे अपने बयान में कहा,**

हमारे घर के सारे मर्द थाने में थे. घर पर कोई नहीं था. यहां पर मेरे चाचा और मेरी मम्मी थीं. आरोपी मेरे घर में घुस आया और बोला कि 'मैं रेट लगता हूं इसके'. उसने और भी बहुत गलत बातें कीं. मेरे चाचा की उसके साथ हाथापाई हुई. उन्होंने उसको रोकना चाहा, जब तक पुलिस न आ जाए. फिर वह मेरे चाचा को धक्का देकर चला गया.

**मामले की पुष्टि एसपी सिटी अमृत जैन ने की. उन्होंने बताया,**

एक लड़की के साथ अपशब्द कहे जाने या बदसलूकी की एक सूचना मिली. स्थानीय पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की और सीसीटीवी कैमरों को चेक किया. इन सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की शिनाख्त की गई. उनकी पहचान के बाद तुरंत ही टीमें लगाकर दबिश देकर कुछ ही घंटों में इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया. गिरफ्तारी के कुछ देर बाद ही दोनों आरोपियों को जमानत मिल गई.

# गाजियाबाद में भांजी से दुष्कर्म और हत्या का आरोपी मामा पुलिस मुठभेड़ में ढेर, दो पुलिसकर्मी घायल

( यंग भारत न्यूज )

**साहिबाबाद ( गाजियाबाद )।** टीला मोड थाना क्षेत्र की एक कालोनी में 11 अप्रैल को चार वर्षीय भांजी से दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या करने का आरोपित मामा रविवार रात पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। आरोपित पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ के दौरान दो कांस्टेबल भी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपित का शव मोर्चरी भेज दिया है। घटना के बाद आरोपित के दो साथी फरार हो गए पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।



### दुष्कर्म के बाद गला घोटकर की हत्या

डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि टीला मोड़ थाना क्षेत्र की एक कालोनी में 11 अप्रैल को मामा आइसक्रीम खिलाने के लिए अपनी चार वर्षीय भांजी को कमरे पर ले गया था। जहां आरोपित ने दुष्कर्म के बाद मासूम की गला घोटकर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित शव कंधे पर लादकर शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में 80 फुटा रोड पर सड़क किनारे खड़ी कार के नीचे फेंककर फरार हो गया था। बच्ची के पिता ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, हत्या, पाक्सो और साक्ष्य छुपाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई थी। आरोपित पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। बाद में इनाम को बढ़ाकर 50 हजार कर दिया गया था। पुलिस जांच के दौरान दो दिन पुराना दिल्ली रेलवे स्टेशन का सीसीटीवी फुटेज मिला है। जिसमें आरोपित घूमता दिखाई दे रहा था। जिसके बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर ने रविवार शाम आरोपित के बंथला नहर की ओर होने की जानकारी दी।

### आरोपित ने की पुलिस टीम पर फायरिंग

एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार राजपूत ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। आरोपित अपने दो साथियों के साथ बंथला नहर रोड पर चिरोड़ी की ओर जाता दिखाई दिया। आरोपित और उसके साथियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर मौके से भागने का प्रयास किया। आरोपितों ने पुलिस टीम पर कई राउंड फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। गोली लगने से आरोपित के जा लगी। उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। एडीसीपी ने बताया कि पुलिस घायल आरोपित को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपित के कब्जे से तीन तमंचे, छह कारतूस, 10 खोखे, एक दिल्ली से चोरी की गई बाइक बरामद हुई है।

### दो कांस्टेबल हुए घायल

प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि बदमाशों की गोली लगने से कांस्टेबल अमित और इकबाल घायल हो गए। बदमाशों की गोली कांस्टेबल मोहित शर्मा को लगी लेकिन गोली बुलेट प्रूफ जैकेट में लगने से वह बाल-बाल बच गए।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ से बातचीत की : मुनीर बोले- होर्मुज पर रोक जारी रही तो बातचीत मुश्किल, ट्रम्प बोले- इस पर सोचूंगा

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर से फोन पर बात की। एक पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्र के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि वे होर्मुज पर लगे ब्लॉकेड को लेकर उठाई गई चिंताओं पर विचार करेंगे ।सूत्र के अनुसार, दोनों के बीच इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। आसिम मुनीर ने ट्रम्प से कहा कि अगर होर्मुज पर रोक जारी रही, तो ईरान के साथ बातचीत आगे नहीं बढ़ पाएगी। इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा कि वे इस पर सोचेंगे। दरअसल, अमेरिका ने ईरान के पास समुद्र में नाकेबंदी कर रखी है। इससे नाराज होकर ईरान ने शनिवार को होर्मुज को बंद कर दिया था। अमेरिका और ईरान के तनाव बढ़ने की वजह ट्रम्प की ईरान को धमकी और ईरानी जहाज टूस्का को कब्जे में लेना है। इसे लेकर ईरान ने नाराजगी जताई और इसे समुद्री डकैती करार दिया और कहा कि वे जल्द इसका जवाब देंगे। होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी सीजफायर के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बातचीत एक नहीं बल्कि कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थायी समझौता यानी एमओयू साइन हो जाए, जिससे सीजफायर आगे बढ़ सके और करीब 60 दिन का समय मिल जाए ताकि बड़ा शांति समझौता तैयार किया जा सके। लेकिन यह सब तभी संभव है जब ईरान इसमें हिस्सा ले। भारतीय जहाजों पर फायरिंग: ईरान ने होर्मुज में 2 भारतीय जहाजों पर फायरिंग की। 14 जहाज रोके गए, 13 लौटे। भारत ने राजदूत को तलब कर विरोध जताया। होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद: ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए स्ट्रेट दोबारा बंद किया ।दूसरी बैठक पर संशय: ईरान ने इस्लामाबाद में होने वाले शांति वार्ता के दूसरे दौर में शामिल होने से इनकार कर दिया है। ईरान ने अमेरिका की मांगों और नाकेबंदी को इस फैसले का मुख्य कारण बताया है। तेल की कीमतें बढ़ीं: ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड करीब 6.5% की तेजी के साथ 96.27 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। ट्रम्प की चेतावनी: ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के पास शांति समझौते के लिए यह आखिरी मौका है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की तरह वही गलती नहीं दोहराएंगे। इजराइल की आंतरिक सुरक्षा कैबिनेट आज ईरान और लेबनान से जुड़े ताजा हालात पर चर्चा करने के लिए बैठक कर रही है। यह बैठक पहले स्थगित कर दी गई थी, जिसे अब दोबारा बुलाया गया है। इजराइली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेजी से बदलते हालात के बीच यह बैठक अहम मानी जा रही है। इसमें ईरान के साथ बढ़ते तनाव और लेबनान में जारी संघर्ष पर फोकस रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर से फोन पर बात की। एक पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्र के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि वे होर्मुज पर लगे ब्लॉकेड को लेकर उठाई गई चिंताओं पर विचार करेंगे। सूत्र के अनुसार, दोनों के बीच इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। आसिम मुनीर ने ट्रम्प से कहा कि अगर होर्मुज पर रोक जारी रही, तो ईरान के साथ बातचीत आगे नहीं बढ़ पाएगी।

# 'हम विश्वगुरू नहीं है...', BJP नेता मुरली मनोहर जोशी ने आखिर ऐसा क्यों बोला? सियासत में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी का एक बयान इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। संस्कृत भारती के कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 'विश्वगुरु' शब्द के इस्तेमाल पर अपनी स्पष्ट राय रखते हुए कहा कि भारत को खुद को अभी 'विश्वगुरु' नहीं कहना चाहिए।



हम विश्व गुरु नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि भारत कभी 'विश्वगुरु' रहा है और भविष्य में फिर बन सकता है, लेकिन वर्तमान स्थिति में ऐसा दावा करना उचित नहीं है। उनके मुताबिक, यह लक्ष्य जरूर होना चाहिए, पर इसे हासिल करने के लिए अभी काफी काम किया जाना बाकी है। इस संदर्भ में उन्होंने संस्कृत भाषा की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताया। जोशी ने कहा कि संस्कृत संप्रेषण की दृष्टि से एक अत्यंत प्रभावशाली भाषा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि नासा के वैज्ञानिक भी समय-समय पर संस्कृत की संरचना और क्षमता की सराहना करते रहे हैं। उनके अनुसार, संस्कृत में वह शक्ति है जो विशाल ज्ञान को अत्यंत संक्षिप्त और सटीक रूप में प्रस्तुत कर सकती है। युवाओं को संदेश देते हुए मुरली मनोहर जोशी ने संस्कृत सीखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा न केवल संस्कृत पढ़ें, बल्कि उसमें लिखना और बोलना भी सीखें। संस्कृत साहित्य और उसमें निहित ज्ञान को आत्मसात करना भारत के बौद्धिक विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के कई प्रमुख विद्वान और वैज्ञानिक संस्कृत के महत्व को स्वीकार कर चुके हैं। संस्कृत की वैज्ञानिकता पर चर्चा करते हुए जोशी ने जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि परमाणु विस्फोट के दौरान ओपेनहाइमर के मुंह से भगवद गीता का श्लोक निकला, जो संस्कृत की गहराई और प्रभाव को दर्शाता है। संस्कृत को अनिवार्य विषय बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले भी इसका सुझाव दिया था, लेकिन राज्यों ने इसे स्वीकार नहीं किया। हालांकि उत्तराखंड ने संस्कृत को राजकीय भाषा घोषित किया, फिर भी वहां अपेक्षित कार्य नहीं हो पाया। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में शिक्षा और व्यापार का झुकाव अंग्रेजी की ओर अधिक है, जो एक तरह की विडंबना है। इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है ताकि भारत अपनी पारंपरिक ज्ञान परंपरा को संरक्षित और प्रसारित कर सके।

# सपा के 'PDA' फॉर्मूले में दरार? फतेहपुर की चाय दुकान विवाद में कूदा मुस्लिम समुदाय, अखिलेश यादव का फूंका पुतला

( यंग भारत न्यूज )

**प्रेमनगर( फतेहपुर )।** फतेहपुर के सुल्तानपुर घोष चाय दुकान विवाद में अखिलेश यादव के रुख ने मुस्लिम समुदाय को नाराज कर दिया है। मुस्लिम समुदाय के नाराज होने से सपा के पीडीए फार्मूला सियासत में फंसता नजर आ रहा

सोमवार को प्रेमनगर कस्बे में बड़ी संख्या में जुटे मुस्लिम युवाओं और स्थानीय प्रधानों ने अखिलेश यादव पर एकतरफा राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उनका पुतला फूंका। सुल्तानपुर घोष थाने के बहेरा चौकी चौराहा स्थित चाय की दुकान का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चाय दुकानदार पिता-पुत्र शेषमणि यादव व आर्यन यादव को पार्टी कार्यालय बुलाकर उन्हें पूर्ण सुरक्षा का भरोसा देते हुए पीतल के बर्तन दिए थे। सपा मुखिया ने पत्रकारों के समक्ष पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह के ऊपर कई गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि पूर्व मंत्री ने सपा मुखिया के आरोपों का तत्काल ही पलटवार कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि सपा मुखिया जो आरोप लगा रहे हैं,



यदि उनके साक्ष्य देते हैं तो वह राजनीति से सन्यास ले लेंगे। ऐसा न कर पाने की स्थिति में पूर्व मंत्री ने मानहानि का दावा ठोंकने की चेतावनी दी है। पूर्व मंत्री ने अपने बयान में कहा कि सपा मुखिया ने एक पीडीए पीड़ित की पूरी बात सुनी, जबकि दूसरे पक्ष को अनसुना कर दिया। ऐसा उन्होंने जानबूझ कर किया है। चाय दुकानदार यादव है तो शिकायतकर्ता व मारपीट करने वाले मुस्लिम हैं। सपा मुखिया को चाहिए था कि दोनों की बातें सुनें। उन्होंने ऐसा नहीं किया, जानबूझ कर उनका नाम इस प्रकरण में घसीट दिया। पूर्व मंत्री की बातों का समर्थन कर रहे विशेष वर्ग में नाराजगी है। इजूरा बुजुर्ग ग्राम प्रधान नदीम व ग्राम प्रधान इश्तियाक बेग के आह्वान पर प्रेमनगर कस्बा के दीदार गेस्ट हाउस में सोमवार को एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। जिसमें क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से करीब दो हजार लोग पहुंचे। बैठक में सपा मुखिया के एकपक्षीय व्यवहार को लेकर रोष जताया गया। इजूरा बुजुर्ग प्रधान ने कहा कि सपा मुखिया ने एक पक्ष की बात सुनी, जबकि दूसरे की ओर ध्यान नहीं दिया। इस बर्ताव से लगता है कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की नजरों में अब हमारी कोई जगह नहीं है। यह बात अब हम लोग पूरे प्रदेश को बताएंगे। बैठक समापन पर मुस्लिम युवकों ने अखिलेश यादव हाय-हाय के नारे लगाते हुए सपा मुखिया का पुतला फूंका।

### दुकान खोले जाने की रही अफवाह

बहेरा चौकी चौराहे पर शुक्रवार की सुबह चाय दुकानदार पिता-पुत्र के साथ हुई मारपीट के बाद से दुकान बंद है। सोमवार की सुबह चर्चा रही कि सपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद व अन्य कई पदाधिकारी चाय दुकानदार को लेकर उसकी दुकान पहुंच रहे हैं। चौकी चौराहे में यह चर्चा दोपहर तक होती रही कि जल्दी ही दुकान खुलने जा रही है। हालांकि अपराह्न तीन बजे तक दुकान बंद रही।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 5 | 3 | 2 | 6 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
283 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### जोबर्ग ओपन में प्रणवी ने किया 30वां स्थान हासिल



**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरे दौर में तीन अंडर 70 का स्कोर बनाकर लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग महिला ओपन में संयुक्त 30वां स्थान हासिल कर लिया। प्रणवी ने पहले दो दिन में 70-74 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे दौर में तीन बोगी की लेकिन इसके साथ ही छह बर्डी भी लगाई। उनका कुल स्कोर अब पांच अंडर है। अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बख्शी कट में जगह नहीं बना पाई थी। फ्रांस की तीन खिलाड़ी कैमिला शेवेलियर, सेलीन हर्बिन और अगाथे लैस्ने संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों का कुल स्कोर 16 अंडर पार है।



### अगरकर का कार्यकाल बढ़ा वर्ल्डकप तक चुनेंगे टीम

**नई दिल्ली।** अजीत अगरकर सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2027 एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और साल का अनुबंध देने का फैसला किया है। अगरकर की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच चुनी गई भारतीय टीम चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और इसमें से तीन में टीम ने खिताब जीता। भारत इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहा और यह पहले से ही लगभग तय था कि उनका अनुबंध चौथे साल के लिए बढ़ाया जाएगा। 'अगरकर ने सेवा विस्तार नहीं मांगा था। एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में चार साल तक और दोनों समितियों में मिलाकर कुल पांच साल तक काम कर सकता है इसलिए अजीत को नया अनुबंध दिया गया है, उसमें विस्तार नहीं किया गया।'

# यूथ नेशनल बॉक्सिंग में छाए म्हारे खिलाड़ी, लड़कियों ने 7 व लड़कों ने 8 पदक कब्जाए

**▶▶ बेटियां बनीं ओवरऑल चैंपियन, बेटों की टीम रनरअप रही**

**▶▶ हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों को दी बधाई**

।रोहतक

यूथ नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हरियाणा के मुक्केबाजों ने एक बार फिर अपनी धाक जमाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जबकि लड़कों की टीम रनरअप (उप-विजेता) रही। हरियाणा की लड़कों और लड़कियों की टीम ने प्रतियोगिता में चार स्वर्ण, 9 रजत, दो कांस्य कुल मिलाकर 15 पदक जीते। लड़कियों ने तीन स्वर्ण और चार रजत सहित कुल सात पदक जीते। वहीं, लड़कों ने एक स्वर्ण, पांच रजत, दो कांस्य व कुल आठ पदक जीते।

### ये रहे परिणाम

लड़कियों में 60 किलोग्राम में चाहत, 75 में अंशिका और 80 में मेघा ने स्वर्ण पदक जीता। 48 किलोग्राम में गुंजन, 54 में जन्नत, 65 में वंशिका और 70 में हंसिका ने रजत पदक जीता। लड़कों में 80 किलोग्राम में लोकेश ने स्वर्ण पदक जीता। 55 में आदित्य, 60 में सिकंदर, 65 में ध्रुव, 70 में वैभव और 85 में अवलीक ने रजत पदक जीता। 50 किलोग्राम में दीपांशु और 90 में हन्नी ने कांस्य पदक जीता।





### मुक्केबाजों पर गर्वः मेजर सत्यपाल



हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने मुक्केबाजों पर गर्व है। लड़कियों ने चैंपियन बनकर और लड़कों ने रनरअप रहकर यह साबित कर दिया है कि हरियाणा बॉक्सिंग में सबसे आगे है। यह परिणाम खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, कोचों के मार्गदर्शन और संघ द्वारा जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों का फल है। लड़कों की टीम ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रनरअप का खिताब जीता है, जो भविष्य के लिए बहुत सुखद संकेत है। हमारा लक्ष्य ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए अधिक से अधिक पदक जीतना है और ये युवा खिलाड़ी उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कोच संजीव और कोच नवीन खोखर ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को 4 विकेट से हराया

# सीजन में केकेआर की पहली जीत

कोलकाता

वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी के जादू के बाद रिंकू सिंह के जुझारू अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को विषम परिस्थितियों से उबरते हुए राजस्थान रॉयल्स 4 विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

रॉयल्स के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स की टीम 14वें ओवर में 85 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन रिंकू (नाबाद 53 रन, 34 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और अनकूल रॉय (नाबाद 29, 16 गेंद, दो छक्के, एक चौका) के बीच सातवें विकेट की 37 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। सात मैच में पहली जीत दर्ज करने के बाद नाइट राइडर्स की टीम तीन अंक के साथ 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई है। लगातार दूसरी हार के बाद रॉयल्स की टीम छह मैच में आठ अंक के तीसरे स्थान पर है।





### आर्चर के नाम जुड़ी बड़ी उपलब्धि

ईडन गार्डन्स के मैदान पर जोफ्रा आर्चर के नाम बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। आर्चर ने मोहम्मद शमी के बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। आर्चर ने केकेआर की पारी की पहली ही गेंद पर टिम सीफर्ट को क्लीन बोल्ड करते हुए पवेलियन भेजा। आईपीएल में यह पांचवां मौका है, जब आर्चर ने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट चटकाया है। आर्चर इस लीग में पारी की पहली बॉल पर सर्वाधिक बार विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से पहले गेंदबाज बन गए हैं। आर्चर के अलावा मोहम्मद शमी ने भी आईपीएल पारी की पहली गेंद पर 5 बार बल्लेबाजों को आउट किया है।

### वैभव ने मैक्सवेल को छोड़ा पीछे

वैभव सूर्यवंशी ने केकेआर के खिलाफ 28 गेंदों पर 46 रन बनाए और इस दौरान 2 छक्के और 6 चौके भी जड़े। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 164.29 का रहा। इन 2 छक्कों के दम पर वैभव अब आईपीएल की पहली 13 पारियों के बाद सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर बन गए। वैभव ने इस लीग में 13 पारियों में कुल 44 छक्के लगाए हैं जबकि इससे पहले ये रिकॉर्ड मैक्सवेल के नाम था जिन्होंने 13 पारियों के बाद कुल 33 छक्के लगाए थे। आईपीएल की 13 पारियों के बाद सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वैभव पहले नंबर पर आ चुके हैं।

### फॉर्म में टाइटंस, संघर्ष कर रही मुंबई, आज हाई-वोल्टेज मुकाबला

**अहमदाबाद।** पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भरी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है। गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। इसके बिल्कुल विपरीत मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का रहाणे बो नारायण | 39 | 29 | 4 | 2 |
| सूर्यवंशी का रमनदीप बो चक्रवर्ती | 46 | 28 | 6 | 2 |
| जुरेल स्ट सीफर्ट बो चक्रवर्ती | 05 | 07 | 0 | 0 |
| रियान पराग बो चक्रवर्ती | 12 | 14 | 1 | 0 |
| हेटमायर का रघुवंशी बो त्यागी | 15 | 18 | 0 | 0 |
| फरेरा कैच एवं बो नारायण | 07 | 07 | 0 | 1 |
| जडेजा का ग्रीन बो त्यागी | 09 | 07 | 0 | 1 |
| आर्चर रन आउट | 08 | 05 | 1 | 0 |
| बिश्नोई का सीफर्ट बो त्यागी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| ब्रिजेश शर्मा नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त:13, कुल:20 ओवर में 155/9 रन
गेंदबाजः अरोड़ा 4-0-37-0, त्यागी 4-0-22-3, ग्रीन 2-0-27-0, नारायण 4-0-26-2, चक्रवर्ती 4-0-14-3, रमनदीप 2-0-26-0

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टिम सीफर्ट बो आर्चर | 00 | 1 | 0 | 0 |
| रहाणे का जुरेल बो बर्गर | 00 | 2 | 0 | 0 |
| अंगकृष पगबध बो जडेजा | 10 | 19 | 1 | 0 |
| ग्रीन स्ट जुरेल बो बिश्नोई | 27 | 13 | 4 | 1 |
| पावेल का फरेरा बो जडेजा | 23 | 20 | 2 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 53 | 34 | 5 | 2 |
| रमनदीप सिंह बो यश | 10 | 13 | 1 | 0 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 29 | 16 | 1 | 2 |

अतिरिक्तः 09, कुल : 19.4 ओवर में 161/6 रन
गेंदबाजः आर्चर 4-0-35-1, बर्गर 2-0-20-1 , बिश्नोई 4-0-41-1, यश 4-0-25-1 , जडेजा 3-0-8-2, ब्रिजेश 1.4-0-21-0

#### किंग्स पॉइंट्स टेबल के टॉप पर कायम

## पंजाब किंग्स की 5वीं जीत

### लखनऊ को 54 रन से हराया



मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स ने प्रियांश आर्य (93 रन) और कूपर कोनोली (87 रन) के अर्धशतकों के दम पर रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान जारी रखा। पंजाब किंग्स छह मैच में से पांच जीत से 11 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। एलएसजी की यह लगातार तीसरी हार है। वैभव सूर्यवंशी के साथ देश की सबसे रोमांचक टी20 बल्लेबाजी प्रतिभाओं से एक सलामी बल्लेबाज प्रियांश और कोनोली के बीच दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी से पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में एलएसजी की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 200 रन ही बना सकी जिसमें कप्तान ऋषभ पंत ने 43 रन, ऐडन मारक्रम ने 42 रन, मिचेल मार्श ने 40 रन और आयुष बडोनी ने 35 रन बनाए। पंजाब किंग्स के लिए मार्को यानसेन ने 37 रन देकर दो विकेट झटके जबकि अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशाक और युजवेंद्र चहल को एक एक विकेट मिला। पंजाब किंग्स भले ही जीत गई हो लेकिन उसके क्षेत्ररक्षकों का प्रदर्शन काफी खराब रहा, जिन्होंने मैच के दौरान काफी कैच छोड़े।

**प्रियांश ने 93 व कोनोली ने 87 रन बनाए**

# कोच नवल सिंह बर्खास्त, चोपड़ा और अंतिल ने की थी शिकायत

**नीरज और सुमित ने कोच पर लगाया था मानसकि उत्पीड़न का आरोप**

नई दिल्ली

भारतीय ओलिंपकि चैंपियन नीरज चोपड़ा और पैरालंपिकि गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल की शिकायत के बाद भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने कोच नवल सिंह के खलिाफ सख्त एक्शन लिया है और तत्काल प्रभाव से उनकी सेवाएं समाप्त कर दी हैं। यह फैसला तब लिया गया जब सुमित अंतिल ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को दी गई एक शिकायत में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता नवल सिंह पर मानसिक उत्पीड़न और गाली गलौच करने का आरोप लगाया था।

### नवल को पैरालंपिक समिति की गतिविधियों से हटाया



पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़ियां ने कहा कि नवल को पैरालंपिक समिति की सभी गतिविधियों से हटा दिया गया है। उन्होंने पत्र लखिकर कहा कि पैरालंपिकि पदक विजेता सुमित अंतिल और कई अन्य लोगों से कोच नवल सिंह के कथित दुराचार, अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न के संबंध में शिकायतें मिलने पर मामले की सावधानीपूर्वक समीक्षा की गई।शिकायतों की जांच की गई और एथलीटों को अपनी चिंताओं को सामने रखने का उचित अवसर दिया गया।

### कर्नाटक में एथलेटिक्स चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन स्पर्धा 24 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** अगले महीने हांगकांग में होने वाली एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के इच्छुक खिलाड़ियों को 24 से 26 अप्रैल तक कर्नाटक के तुमकुर में आयोजित तीन दिवसीय आयु वर्ग प्रतियोगिता के दौरान एएफआई की ओर से निर्धारित मानक हासिल करने होंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने रविवार को आगामी एशियाई प्रतियोगिता के लिए चयन मानदंडों की घोषणा की। देश के शीर्ष एथलीटों के तुमकुर में होने वाली तीन दिवसीय 24वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्मीद है। एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 28 से 31 मई तक हांगकांग में आयोजित की जाएगी।

# एएफआई का बड़ा फैसला : महिला एथलीटों के लिए एसआरवाई जीन टेस्ट अनिवार्य

रोहतक

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) की दो दिवसीय वार्षिक बैठक नागालैंड के कोहिमा में दक्षिण एशिया एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. ललित के भनोट के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक में खेलों में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, जिसमें महिला एथलीटों के लिए जेंडर वेरिफिकेशन और डोपिंग पर जीरो टॉलरेंस की नीति प्रमुख रही। प्रदीप मलिक (महासचिव, एथलेटिक्स हरियाणा) ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए विश्व एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों के खेलने पर पाबंदी लगा दी गई है। एएफआई ने पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अब सभी महिला एथलीटों के लिए एसआरवाई जीन टेस्ट अनिवार्य कर दिया है। यह टेस्ट खिलाड़ी के करियर में केवल एक बार किया जाएगा। इस टेस्ट का पूरा खर्च भारतीय एथलेटिक्स महासंघ वहन करेगा। इसके लिए 'मेडी गेनोमी लैब लिमिटेड' के साथ अनुबंध किया गया है। 5 से अधिक सैंपल होने पर 3500 और उससे कम होने पर 5000 प्रति सैंपल की दर तय की गई है। बैठक के दौरान राजकुमार मिटान (सदस्य, ग्रीवेंस कमेटी, एएफआई) ने स्पष्ट किया कि सभी राज्य इकाइयों के लिए ऑनलाइन एंट्री सिस्टम अनिवार्य कर दिया गया है। यदि कोई राज्य इसका पालन नहीं करता है, तो एएफआई उस प्रतियोगिता के परिणामों को मान्यता नहीं देगा। सत्यवीर धनखड़ (मीडिया प्रभारी, खेल) ने बताया वाडा और नाडा द्वारा प्रतिबंधित खिलाड़ियों की सूची को अनुमोदित किया गया और राज्यों को डोपिंग रोकने के सख्त निर्देश दिए गए। 2026 के खेल कैलेंडर और राष्ट्रमंडल व एशियाई खेलों के लिए क्वालिफिकेशन मानकों को मंजूरी दी गई। 2025 में बनाए गए सभी राष्ट्रीय रिकॉर्ड्स को औपचारिक रूप से स्वीकार किया गया। दिलबाग सिंह (अध्यक्ष, एथलेटिक्स हरियाणा) के अनुसार, बैठक में कोच और तकनीकी अधिकारियों का पंजीकरण, सिंथेटिक ट्रैक प्रमाणीकरण, जिलों का पुनर्गठन और 2028 वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप की तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

### ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों पर पाबंदी



#### एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट

## मेस्सी ने दागे दो गोल, इंटर मियामी जीता

**कॉमर्स सिटी।** लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप से पहले अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में कोलोराडो रैपिड्स के खिलाफ दो गोल किए, जिससे उनकी टीम ने यह मैच 3-2 से जीतकर अपना अजेय अभियान सात मैच तक पहुंचा दिया। इंटर मियामी की गुइलेर्मो होयोस के अंतरिम कोच बनने के बाद यह पहली जीत थी। क्लब के खेल निदेशक के रूप में कार्यरत होयोस ने जावियर माशेरानो के व्यक्तिगत कारणों से अचानक क्लब छोड़ने के बाद कोचिंग का कार्यभार संभाला। माशेरानो ने क्लब के साथ अपने एकमात्र पूर्ण सत्र में इंटर मियामी को 2025 एमएलएस कप का खिताब दिलाया था। मेस्सी ने 13वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर स्कोरिंग की शुरुआत की और 79वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इंटर मियामी की तरफ से एक अन्य गोल जर्मन बर्तेरामे ने किया।



## सोसिडाड ने जीता कोपा डेल रे का खिताब

**सेविले ।** रियाल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया। सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला, जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराजो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने कहा, 'यह अविश्वसनीय सफर रहा है और मुझे लगता है कि यह तो बस शुरुआत हो सकती है।'



#### एशियाई चैंपियंस लीग

## विसेल कोबे से भिड़ेगा अल अहली क्लब

**जेद्दा।** सऊदी अरब का क्लब अल अहली चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सोमवार को जापान के विसेल कोबे से भिड़ेगा। एशिया के इस प्रमुख क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में जापान की माचिदा जेलविया का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल अहली से होगा। पिछले साल मई में पहली बार खिताब जीतने वाले अल अहली ने क्वार्टर फाइनल में यहां मलेशिया के जोहोर दारुल ताजिम को 2-1 से हराया। अली मजराशी ने 19वें मिनट में आत्मघाती गोल किया, जिससे जोहोर को बढ़त मिल गई। अल अहली के इस डिफेंडर को जल्द ही लाल कार्ड दिखाया गया। हाफ टाइम से ठीक पहले बार्सिलोना के पूर्व मिडफील्डर फ्रैंक केसी ने अल अहली के लिए बराबरी का गोल दाग दिया जबकि ब्राजील के विंगर गैलेनो ने दूसरे हाफ में विजयी गोल किया।





# महावतार परशुराम का पहला पोस्टर और टीजर रिलीज...

मुंबई। होम्बेल फिल्म्स ने 19 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर फिल्म 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर जारी किया है। साथ ही टीजर भी पेश किया है। बता दें कि भगवान विष्णु के दस अवतारों पर आधारित सात भागों वाले एनिमेटिड 'महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स' की यह दूसरी किस्त है। इससे पहले फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' काफी पसंद की गई थी। होम्बले फिल्म्स ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसके जरिए 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर रिलीज किया गया है। फिल्म का पोस्टर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में रिलीज किया गया है।

लाइफ Style

# अक्षय

## 'भूत बंगला' ने मारी दहाड़

अक्षय कुमार और दिग्गज डायरेक्टर प्रियदर्शन की जादुई जोड़ी ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है। हेरा फेरी और भूल भुलैया जैसी फिल्मों का स्वाद चख चुके फैंस के लिए 'भूत बंगला' किसी ट्रीट से कम नहीं है। 14 साल के लंबे इंतजार के बाद जब यह जोड़ी पर्दे पर लौटी, तो दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया।

मुंबई

फिल्म को मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स और पॉजिटिव माउथ पब्लिसिटी का नतीजा अब इसके कलेक्शन में साफ दिख रहा है। शुरुआती रुझानों के बाद दूसरे दिन फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया है, जो अक्षय के गिरते कॅरियर ग्राफ के लिए एक बड़ी संजीवनी साबित हो सकती है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी पकड़ दिखाई है। शुरुआती रुझानों और पॉजिटिव रिव्यू को देखते हुए उम्मीद है कि फिल्म पहले वीकेंड पर तगड़ी कमाई करेगी। अक्षय की कॉमेडी और प्रियदर्शन का डायरेक्शन एक बार फिर कमाल करता दिख रहा है। फिल्म ने दो दिन में ग्रॉस 42 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं, नेट 35 करोड़ कमाए। इसी के साथ फिल्म ने वर्ल्डवाइड 61.50 करोड़ का कलेक्शन किया। ओवरसीज मार्केट में 19.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म को पहले दिन 12 हजार और दूसरे दिन 11 हजार के करीब शोज मिले। तीसरे दिन भी फिल्म धमाकेदार कमाई की। फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है। आकाश कौशिक ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। वहीं परेश रावल, राजपाल यादव, वामिका गब्बी, तबु, मिथिला पालकर जैसे स्टार्स हैं।



हॉलीवुड मसाला



# स्कॉर्पियन्स ने रद्द किया इंडिया टूर

लॉस एंजिल्स। जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स' की तरफ से शनिवार को घोषणा की गई कि वे अपना इंडिया टूर रद्द कर रहे हैं। जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स के एक सदस्य को मेडिकल इश्यूज हो गया है। वह सदस्य बीमार है। ऐसे में यह रॉक बैंड अपना इंडिया टूर रद्द कर रहा है। यह जानकारी इंडिया टूर के आयोजकों ने सोशल मीडिया पर साझा की है। बता दें कि यह बैंड 21 अप्रैल को शिलॉन्ग के जेएन स्टेडियम में परफॉर्म करने वाला था। इसके बाद 24 अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर, 26 अप्रैल को बेंगलुरु और 30 अप्रैल को मुंबई में इनके कॉन्सर्ट होने वाले थे।



# सिंगर मलिक पांच सोलो एल्बम कर चुके हैं रिलीज

लॉस एंजिल्स। पॉपुलर ब्रिटिश सिंगर के फैंस दुनिया भर में मौजूद हैं। भारत में भी इस सिंगर को पसंद किया जाता हैसिंगर जेन मलिक का नया एल्बम 'कोन्नाकोल' काफी दिनों से चर्चा में था। जिस दिन यह एल्बम रिलीज होना था, उसी दिन सिंगर को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जेन ने अपना हेल्थ अपडेट म्यूजिक एल्बम 'कोन्नाकोल' के रिलीज होने के कुछ ही घंटों बाद दिया है। 2015 में वन डायरेक्शन म्यूजिक बैंड छोड़ने के बाद यह उनका पांचवां एल्बम है। बिलबोर्ड के मुताबिक जेन मलिक ने कहा, 'अब तक पांच सोलो एल्बम आ चुके हैं। मैं इस बात से बहुत उत्साहित था कि बैंड छोड़ने के बाद अपना पहला सोलो एल्बम बना पाया। लोगों ने भी उसमें दिलचस्पी दिखाई। मुझे इस बात पर प्राउड फील होता है। जेन मलिक के पिछले चार एल्बम बिलबोर्ड 200 चार्ट में जगह बना चुके हैं।



# भगवान वेंकटेश्वर का लिया आशीर्वाद

मुंबई। रविवार सुबह तमन्ना भाटिया ने तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के अवतार विष्णु के दर्शन किए। यह मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला की सात पहाड़ियों पर स्थित है। इसकी खास झलक तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। तमन्ना ने 19 अप्रैल को रविवार के दिन भगवान विष्णु के अवतार भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। यह प्राचीन मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। तमन्ना ने इसकी खास झलक अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मंदिर से एक खास वीडियो अपने फैंस के लिए शेयर किया है। इस वीडियो में तमन्ना माथे पर लाल बिंदी लगाए लाल चुनरी पहने नजर आ रही हैं, जिसके पीछे 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' भजन सुनाई दे रहा है।



# सलमान की फिल्म की शूटिंग शुरू

मुंबई। सलमान खान फिल्म 'मातृभूमि' के बाद साउथ एक्ट्रेस नयनतारा के साथ अगली फिल्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा अपडेट मेकर्स ने साझा किया है। सलमान की इस फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर्स एक्साइटेड दिख रहे हैं। निर्देशक वामशी ने इंस्टाग्राम पर सलमान की आगामी फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा की है। निर्देशक ने एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर अपलोड की, जिस पर 'मुहूर्त' लिखा हुआ था। इस तरह वामशी ने फैंस को बताया कि सलमान और नयनतारा की एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शनिवार को इसका मुहूर्त शॉट किया गया। डायरेक्टर वामशी की पोस्ट और सलमान की फिल्म को लेकर कई बॉलीवुड सेलेब्स उत्साहित दिखे। इस पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए अनिल कपूर ने लिखा, 'वामशी, आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।'

टीवी मसाला



# अविनाश और ईशा के गाने शुक्रिया में दिखी शादी की झलक

नई दिल्ली। बिग बॉस 18 से मशहूर हुई जोड़ी अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह एक बार फिर साथ नजर आ रही है। दोनों इस बार अंशुल गर्ग के गाने 'शुक्रिया' में दिखाई दे रहे हैं, जो फैंस के बीच दो ही दिन में पॉपुलर भी हो गया है। जब अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह ने 'बिग बॉस 18' में हिस्सा लिया था, तब वे जल्दी ही दर्शकों के पसंदीदा बन गए थे और लोग उन्हें एक साथ देखना पसंद करने लगे थे। उनकी केमिस्ट्री शो की खास बातों में से एक थी, और तभी से दर्शक उन्हें फिर से ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन साथ देखने का इंतजार कर रहे थे, जो अब आखिरकार पूरा हो गया है। हाल ही में दोनों ने अपने हाथों की एक तस्वीर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया था, जिससे लोग सोचने लगे थे कि दोनों क्या नया करने वाले हैं। अब यह साफ हो गया है कि अविनाश और ईशा ने 'शुक्रिया' नाम के एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ काम किया है, जिसे अंशुल गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। अंशुल गर्ग अपने गानों में फेमस जोड़ियों को साथ लाने के लिए जाने जाते हैं, और इस बार भी उन्होंने वही किया है। यह गान आज रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो में अविनाश और ईशा की एक प्यारी सी लव स्टोरी दिखाई गई है, जिसमें वे शादी की रस्में निभते नजर आते हैं, जैसे हल्दी और फेरे। उनकी वापसी से दर्शकों में काफी खुशी है और दोनों की केमिस्ट्री ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। फैंस उनकी जोड़ी और बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। गाने में हल्दी, मेहंदी और शादी से लेकर सभी खास पलों को दिखाया गया है।

## शाहरुख के लिए लिख चुकी हैं गाना

नई दिल्ली। 'शाका लाका बूम बूम' की ऋतु याद है, जो टॉम बॉय थी और लड़कों से भी भिड़ जाती थी? वह रोल साईनी राज ने निभाया था। वह अब एक्टिंग छोड़ चुकी हैं और शाहरुख खान के लिए गाना भी लिख चुकी हैं। 26 साल में वह काफी बदल चुकी हैं। ऋतु के किरदार को साईनी राज ने निभाया था, जो एक पॉपुलर चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। साईनी राज एक कवयित्री, राइटर, लिरिसिस्ट और एक वर्चुअल बुक क्लब की फाउंडर हैं। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान 'सब सही जाएगा' गाना लिखा था, जिसे शाहरुख खान ने गाया था। यही नहीं, साईनी राज रैपर और सिंगर बादशाह के साथ भी काम कर चुकी हैं और एक शॉर्ट फिल्म भी लिखी। हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचने के लिए साईनी राज ने खूब रिजेक्शन झेला था। साईनी राज ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 7 साल की उम्र में की थी। उन्होंने जो पहला एक्ट किया था, उसके लिए 300 रुपये मिले थे। हालांकि, साईनी राज का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। उन्होंने एक बार बताया था कि विज्ञापनों के लिए वह 300 बार तक ऑडिशन दे चुकी थीं।



# निकिता ने मिस इंडिया वर्ल्ड साध्वी को पहनाया ताज, ईशान ने किया परफॉर्म...

नई दिल्ली। 18 अप्रैल को भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस भव्य प्रोग्राम में गोवा की साध्वी सैल ने मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का खिताब जीता है। उन्होंने भारत की 30 प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर यह सौंदर्य प्रतियोगिता जीती है। मिस इंडिया प्रतियोगिता में कई पल बहुत खास रहे। मिस इंडिया प्रतियोगिता में विजेता के तौर पर साध्वी सैल के नाम का ऐलान हुआ। इसके बाद उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल ने ताज पहनाया। यह पल काफी खास था। अब साध्वी मिस इंडिया प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

*पहली और दूसरी रनरअप को पहनाया गया ताज :* साध्वी ने राजनंदिनी और अद्वैता को पछाड़कर यह खिताब अपने नाम किया है। मिस इंडिया 2026 में महाराष्ट्र की रहने वाली राजनंदिनी फर्स्ट रनर अप रहीं। वहीं, चेन्नई की रहने वाली अद्वैता सेकंड रनर अप बनीं। राजनंदिनी फेमिना मिस इंडिया महाराष्ट्र रह चुकी हैं। वही अद्वैता फेमिना मिस इंडिया यूनियन टेरिटरी रह चुकी हैं। प्रतियोगिता में इन दोनों को ताज पहनाया गया। इस मौके पर साध्वी ने भी खुशी जताई।




*नेहा ने किया साध्वी को सम्मानित :* यह बहुत ही हैरानी भरा पल था, जब मिस इंडिया के नाम का एलान हुआ। विनर के तौर पर जब साध्वी के नाम का एलान हुआ, तो वह हैरान हो गईं। वह लगभग रोने वाली थीं। विजेता के तौर पर उनके नाम की घोषणा होने के बाद अभिनेत्री नेहा धूपिया ने उन्हें सम्मानित किया।

*जुबिन ने दी परफॉर्मेंस :* भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता में ईशान खट्टर ने एनर्जी से भरपूर परफॉर्मेंस दी। वहां मौजूद लोगों ने उनके डांस की तारीफ की। इसी कड़ी में जुबिन नौटियाल ने भी परफॉर्मेंस दी। उनकी आवाज ने प्रोग्राम में समां बांध दिया।

*लॉरेन ने डांस से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध :* अमेरिकी डांसर और अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने 61वें फेमिना मिस इंडिया 2026 के ग्रैंड फिनाले में डांसर के तौर पर शानदार परफॉरमेंस दी। उन्होंने अपने मूव्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण को दर्शाते हुए डांस किया।

# दूसरी बार मां बनने वाली हैं दीपिका

मुंबई। 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह के सितारे बुलंदी पर हैं। प्रोफेशनल फ्रंट पर वे 'धुरंधर 2' को लेकर तारीफें बटोर रहे हैं। वहीं, निजी जिंदगी में भी एक्टर की जिंदगी में खुशियों ने दस्तक दी है। वे दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने रविवार को फैंस के साथ खुशखबरी साझा की है। वे दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। दीपिका पादुकोण ने दूसरी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी अपनी बिटिया दुआ के हाथों साझा की है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उनकी बिटिया दुआ नजर आ रही हैं। पापा रणवीर ने बेटी को गोद में थामा हुआ है। हालांकि, रणवीर का चेहरा नहीं दिख रहा, सिर्फ हाथ नजर आ रहे हैं। वहीं, दुआ का आधा चेहरा दिख रहा है। उनके हाथों में प्रेग्नेंसी किट है। इसके साथ दीपिका ने कैप्शन में इविल आई इमोजी लगाई है। दीपिका पादुकोण के पोस्ट पर फैंस बधाई दे रहे हैं। साथ ही कई सेलेब्स ने भी रिएक्शन दिए हैं और कपल को बधाई दे रहे हैं। परिणीति चोपड़ा, अनन्या पांडे, सामंथा रुथ प्रभु, कियारा आडवाणी, फलक नाज, दानिश पंडोर सहित कई सेलेब्स ने बधाई दी है और रेड हार्ट इमोजी पोस्ट किए हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने साल 2018 में शादी रचाई थी। शादी के करीब छह साल बाद कपल ने पहली संतान के रूप में बेटी दुआ का स्वागत किया। दीपिका और रणवीर की बिटिया दुआ का जन्म 8 सितंबर 2024 को हुआ था। अब वे दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। दुआ अब दीदी बनने वाली हैं।



## मौत के 30 साल बाद बने नंबर वन कंपोजर

# मदन मोहन की 1950 की वो धुन, जिससे निकला वीर जारा का हिट गाना

*नई दिल्ली। मदन मोहन की एक ऐसी धुन के बारे में बता रहे हैं, जिसे उन्होंने 1950 में कंपोज किया था, पर यह 2004 में जाकर ब्लॉकबस्टर हुई। दुख की बात है कि तब तक मदन मोहन यह सोचते-सोचते ही इस दुनिया से चले गए कि वो किसी काम के नहीं। मौत के 30 साल बाद वह नंबर वन कंपोजर बने। उस धुन से जो गाना बना था, वो है 'तेरे लिए हम हैं जिए'। इस शख्स को 'गजल किंग' बुलाया जाता है। स्वर कोकिला लता मंगेशकर तो उन्हें 'गजल का शहजादा' कहकर बुलाती थीं। उन्होंने आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे, नैना बरसे रिमझिम रिमझिम और ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं जैसे सुपरहिट गाने दिए। अपने कॅरियर में उन्होंने करीब 700 से ज्यादा गाने कंपोज किए थे और वो सभी सुपरहिट रहे थे। यहां इस स्पेशल सेगमेंट में मदन मोहन के अलावा उनके उस गाने के बारे में बता रहे हैं, जो कंपोज तो 50 के दशक में किया गया था, पर साल 2004 में वह बंपर हिट हुआ था।*

**खूबसूरत कंपोजिशन :** मदन मोहन का पूरा नाम मदन मोहन कोहली था। उन्होंने 50, 60 और 70 के दशक में ढेरों गानों के लिए खूबसूरत मेलोडी और ट्यूंस बनाईं, गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और तलत महमूद के साथ मिलकर कई खूबसूरत और यादगार कंपोजिशन दीं। मदन मोहन कितने टैलेंटेड और अनमोल कंपोजर थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फिल्म 'वीर जारा' के सभी 11 गाने असल में उन्हीं के कंपोजिशन में बनाए गए। उन गानों को मदन मोहन की बनाई ट्यून्स से कंपोज किया गया, जिसमें बेटे संजीव कोहली ने मदद की।



### दिल ढूंढता है...

ये वो ट्यून्स थीं, जो कभी मदन मोहन ने कंपोज की थीं, पर जीते जी उनका इस्तेमाल नहीं कर पाए थे, और जब मौत हुई तो बेटे संजीव के पास एक बॉक्स छोड़ गए थे, जिसमें उनकी कंपोज की हुई ट्यून्स और गजलें थीं। संजीव उन रिकॉर्डिंग और टेप को बार-बार सुनते रहते थे,क्योंकि वह पिता की आवाज सुनना चाहते थे। फिर अचानक ही संजीव ने एक टेप में ऐसी ट्यून सुनी जो कभी रिलीज ही नहीं हुई थी। वह फिल्म 'मौसम' के गाने 'दिल ढूंढता है' का ऑल्टर्नेट वर्जन था।

### पुलिस फोर्स में थे मदन मोहन के पिता

मदन मोहन बगदाद में पैदा हुए थे और उनके पिता वहां इराकी पुलिस फोर्स में अकाउंटेंट जनरल के पद पर तैनात थे। बताया जाता है कि वहां की पुलिस फोर्स मदन के पिता पर बगदाद में ही रहने का दबाव बनाने लगी। पर पिता परिवार को लेकर पंजाब के झेलम के चकवाल गांव में आ गए। वो वहीं रहने लगे क्योंकि वहां पर उनका पुश्तैनी घर था। मदन मोहन के पिता फिर काम की तलाश में मुंबई चले गए और बेटे को उसकी दादी के पास छोड़ गए।

### तेरे लिए हम हैं जिए...

उस गाने से करीब 30 ट्यून्स को 'वीर जारा' में इस्तेमाल किया गया। जब यश चोपड़ा 'वीर जारा' बना रहे थे, तो ऐसे गाने चाहते थे जो टाइमलेस हों, सदाबहार हों। तब संजीव कोहली ने उन्हें पिता की टेप्स और रिकॉर्डिंग के बारे में बताया। यह सुनकर यश चोपड़ा ने उन्हें सभी टेप्स-रिकॉर्डिंग सुनने को कहा। संजीव उस गाने से करीब 30 ट्यून्स निकालकर यश चोपड़ा के ऑफिस पहुंचे। यश चोपड़ा को सभी ट्यून्स पसंद आ गए और फिर 'दिल ढूंढता है' गाने का 'वीर जारा' में ऑल्टर्नेट वर्जन बना, जिसके बोल हैं 'तेरे लिए हम हैं जिए'... इस तरह मदन मोहन की बदौलत 'वीर जारा' का ऐतिहासिक म्यूजिक बना और सभी गाने ब्लॉकबस्टर रहे।

### शराब में डूबे और सड़ गया लिवर

मदन मोहन ने अपने करियर में कई हिट गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर संग उनकी जोड़ी खूब जमी। पर शराब पीने के कारण उनका लिवर सड़ने लगा और खराब हो गया। इसके कारण 14 जुलाई 1975 को मदन मोहन का निधन हो गया। बताया जाता है कि एक समय के बाद मदन मोहन को काफी स्ट्रगल करना पड़ा। जहां इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत में उनके कई गाने रिलीज नहीं किए गए, वहीं बाद में उन्हें गाने और बनाने का मौका मिलना मुश्किल हो गया। दरअसल, उस वक्त हर एक्टर-डायरेक्टर के अपने म्यूजिक कंपोजर्स थे। राज कपूर से लेकर दिलीप कुमार और देवानंद जैसे स्टार्स के अपने-अपने कंपोजर्स थे।

# भगवान के चरण दर्शन को उमडे श्रद्धालु, फूल बंगला में बिराजे कुंजबिहारी सरकार

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सोमवार को सिविल लाइन ग्वालियर रोड स्थित कुंजबिहारी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के चरण दर्शन एवं उनकी प्राण प्रियतमा राज राजेश्वरी राधिका सर्वेश्वरी जू की मनोहारी छवि की एक झलक पाने की ललक को मन में संजाये नगर के हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में उमड़ी। मंदिर में भगवान श्री कुंजबिहारी सरकार के चरण दर्शन का सिलसिला प्रातः 7 बजे से ही शुरु हो गया जो देर रात्रि तक चलता रहा। सायंकाल पांच बजे से विद्वत परिषद कर्मकाण्डी विप्रजन, साधु संत,नगर के मंदिरों के पुजारियों एवं सभी दर्शनार्थियों को भण्डारे का प्रसाद वितरित किया गया। प्रातः काल मंदिर में विराजमान सभी विग्रह मूर्तियों का पावन अभिषेक उपरांत श्रृंगार कर झांकी सजायी गयी तथा भगवान श्री कुंजबिहारी एवं राधिका जू के पावन चरणों में दिव्य एवं भव्य फूल बंगला सजाया और अर्पित किया गया। फूल बंगला श्रृंगार सेवा गुरु पूर्णिमा तक जारी रहेगी। देशी-विदेशी फूलों की महक से कुंजबिहारी मंदिर का प्रांगण महक उठा तो दर्शनार्थी भी भगवान की छवि निहारते ही मोहित हो उनके समक्ष पहुंचते ही सुधबुध खो बैठते ऐसा प्रतीत हो रहा था।



प्रातः 9 से 11 एवं सायंकालछह से नौ बजे तक शास्त्रीय संगीत समाज गायन किया गया,जिसमें बुन्देलखण्ड के ख्याति प्राप्त कलाकारों ने पद गायन किये तथा वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर बुन्देलखण्ड धर्माचार्य महंत राधामोहन दास महाराज ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन किया गया कोई भी दान-पुण्य का कभी क्षय नहीं होता, आज ही के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने माता यशोदा सहित सभी ब्रजवासियों को भगवान बद्रीनारायण के चरण दर्शन कराये थे, इसीलिये आज का महत्व और भी बढ़ जाता है।

संगीत गायन एवं दर्शनों का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा। तदुपरांत बुंदेलखंड धर्माचार्य राधामोहन महाराज ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करने पधारे सभी साधु संत एवं विप्रजनों को दक्षिणा भेंट किये कर ? विदा किया। रात्रि शयन ? आरती कर महाराज श्री ने सभी को शुभाशीष देते हुए आभारी व्यक्त किया। पुजारी बालकदास, पुजारी मनु महाराज एवं ? व्यवस्थापक पवनदास ने सभी व्यवस्थाएं संभाली।

उरई

# प्रांत प्रचारक की जगह अब देश में होंगे संभाग प्रचारक

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं
- देश के संघ की दृष्टि से कल 46 प्रति में अब नियुक्त होंगे सियासी संभाग प्रचारक
- संघ ने जो देश को संगठन की दृष्टि से कल 11 क्षेत्र में बांटा था अब वह क्षेत्र घटकर 9 रह जाएंगे
- संघ की शाखाएं 88हजारसे बढ़ाकर 1लाखकरने का लक्ष्य
- हिंदू समाज की कुरुतियां मिटाने के लिए दलित और गरीब गरीब समाज के लोगों को अपने घर में खाना खिलाना और उनके बर्तन मनाने का भी निर्देश दिया है

**अनिल शर्मा+संजय श्रीवास्तव**

**नागपुर /न ई दिल्ली।** पिछले दिनों राष्ट्रीय स्वयं संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिदधिसभा की हरियाणा प्रांत के समालाख जगह में तीन दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक में। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर। इस शताब्दी वर्ष में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होश बारे ने सॉन्ग ने संगठन के प्रमुख पदाधिकारी को यह निर्देश दिया है इस शताब्दी वर्ष में आने वाले वर्ष 2027 तक पृथ्वी सभा में जो भी निर्णय लिए गए हैं उन्हें पूरा कर लिया जाना चाहिए।

संघ की संगठनात्मक दृष्टि से अभी तक पूरे देश में 46 प्रांत होते थे। और हर प्रांत में एक प्रांत प्रचारक होता था। अब आप प्रांत प्रचारकों का पद समाप्त करके पूरे देश में प्रांत की जगह संभाग बनाए गए हैं जिनकी संख्या लगभग 86 है। अब प्रांत प्रचारकों की जगह पूरे देश में इन 86 जगह पर संभाग प्रचारकों की नियुक्ति जाएगी। इसी तरह संघ की दृष्टि से पूरे देश को 11 क्षेत्र में बांटा गया था। इसे घटाकर अब 9 क्षेत्र में कर दिया गया है। बैठक में जयवीर निर्णय लिया गया था की शताब्दी वर्ष में पूरे देश में जो संघ की शाखाएं लगभग 88000 हैं उन्हें बढ़कर एक लाख कर लिया जाएगा। इस बार संघ का जोर यह है कि संघ की शाखाएं बस्तियों में ज्यादा लगे तौर से दलित और गरीब वर्ग की जो बस्तियां हैं वहां शाखाएं जरूरलगाई जाए।। इसके अलावा अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में जो एक बड़ा क्रांतिकारी परिवर्तन करने जो निर्णय लिया गया है। हिंदू समाज क्यों गुलाम बना के दौरान पूरा समाज संगठित क्यों नहीं था। इसका कारण था दलित अधिकारी समाज ने यावल हो या अंग्रेज हो उनके विरुद्ध संघर्ष ही नहीं किया क्योंकि हमारे यहां छूतपात और गैर बराबरी का बोलबाला था। इसीलिए तब के राजाओं ने दलित समाज और अति पिछड़े वर्ग के लोगों को सेवा में शामिल नहीं किया जिसके कारण एक छोटा वर्ग ही संघर्ष करता रहा और पराजय हुई। जिसका नतीजा हुआ कि हिंदू समाज पराजित हुए और लगभग 800 साल की गुलामी झेलनी पड़ी जिसमें 600 साल ऑन की और 200 साल अंग्रेजों की गुलामी खेलने पड़ी। इसी कुरीतियों के चलते बौद्ध धर्म और जैन धर्म का पादुरभाव हुआ। इसलिए संघ ने इस शताब्दी वर्ष में निर्णय लिया है कि संघ के प्रत्येक स्वयंसेवक दलित और झुग्गी झोपड़ी की बस्तियों में जाएं वहां के लोगों को आदमी है ढंग से अपने घर भोजन के लिए आमंत्रित करें और। और उनके झूठे बर्तन इस तरह साफ करें जिस तरह आप अपने पारिवारिक जनों के करते हैं यदि ऐसा सब किया गया तो निश्चित रूप से एक दिन हिंदू समाज संगठित और मजबूत होगा संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत और सर सहकारवार दत्तात्रेय होश वाले ने इस निर्णय को वर्ष 2027 में पूरी तरह से लागू करने के लिए संघ के पदाधिकारीको जहां निर्देश दिए हैं वहीस्वयंसेवकों से विनम्र अपील की है। इसके अलावा इस अखिल भारतीय प्रत्येक सभा में इस शताब्दी वर्ष में एक और निर्णय लिया गया है की वैसे तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूरे देश में 5000 प्रचारक है जिन्होंने शादी नहीं की है और पूर्णकालिक है। इस शताब्दी वर्ष में शताब्दी प्रचारक बनाने का भी निर्णय लिया गया है यह शताब्दी प्रचारक गृहस्ती होंगे और एक से लेकर के 3 वर्ष का समय संघ के और राष्ट्र के कार्य को देगे

# उरई के रामनगर में गुंडागर्दी पर उतरे सत्ताधारी सभासदों ने मजदूर को पीट-पीटकर कर दिया मरणासन्न

## सत्ता के मद में चूर दबंग सभासदों की गुंडई से पुलिस की हो गई खासी किरकिरी

**उरई जालौन।** उरई कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां सत्ता और रसूख के नशे में चूर सभासदों ने न केवल एक गरीब मजदूर की बेरहमी से पिटाई की, बल्कि उसे जबरन अपनी गाड़ी में डालकर अपहरण की तर्ज पर उठा ले गए। उरई के हृदय स्थल पर दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने कोतवाली प्रभारी 'इकबाल' और पुलिसिया मुस्तैदी पर बड़े सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।





**शरीफों का हौंसला गिरा, बढ़ गया दबंगों का**

### शहीद स्मारक के पास 'जंगलराज'

घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के झांसी रोड स्थित शहीद स्मारक परिसर की है। जानकारी के अनुसार, यहां निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर मजदूर और कुछ सभासदों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि मर्यादा भूलकर सभासदों ने अपनी 'दबंगई' का नंगा नाच शुरू कर दिया। आरोप है कि रसूखदार सभासदों ने मजदूर को पकड़कर जमीन पर पटक-पटक कर पीटना शुरू कर दिया। उरई के इस व्यस्त इलाके में लोग मूकदर्शक बने रहे, जबकि किसी ने इस पूरी हैवानियत का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### ममम वीडियो में कैद हुई हैवानियतः पुलिस की सुस्ती पर आक्रोश

वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह बेखौफ होकर सभासद मजदूर को पीट रहे हैं। हद तो तब हो गई जब पिटाई के बाद आरोपी उसे जबरन अपनी गाड़ी में डालकर साथ ले गए। उरई जैसे शहर के सार्वजनिक स्थान पर हुई इस गुंडागर्दी से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है।

### कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार सिंह पर उठे सवाल

शहर के मुख्य इलाके में हुई इस घटना के बाद से पुलिस की कार्यप्रणाली पर उंगलियां उठ रही हैं। उरई के नागरिकों का कहना है कि अगर अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ होता, तो वे इस तरह सरेआम कानून को हाथ में लेने की हिम्मत न करते। कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्हें कानून का जरा भी डर नहीं रहा।

### क्या कहती है पुलिस?

मामला तूल पकड़ने के बाद उरई पुलिस ने आधिकारिक बयान जारी किया है:

वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल किसी भी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

स्थानीय मांगः उरई के प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

बड़ा सवालः क्या उरई पुलिस इन दबंग सभासदों पर शिकंजा कस पाएगी, या 'जांच' के बहाने मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा ?

# एसपी ने कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** एसपी विनय कुमार सिंह ने रविवार की देर रात कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कोतवाली का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने कोतवाली कार्यालय में अभिलेखों की स्थिति, हिस्ट्रीशीटर इंडेक्स, मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, हवालात और मालखाना का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी रजिस्टर अद्यतन एवं साफ-सुथरे होने चाहिए, जिससे किसी भी समय जांच में कोई कमी न पाई जाए। लंबित विवेचनाओं पर स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाई जाए। महिला एवं साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि पीड़ितों की शिकायतों का त्वरित और संवेदनशील तरीके से निस्तारण किया जाए। मिशन शक्ति केंद्र को सक्रिय रखते हुए महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया।

हवालात और मालखाना की व्यवस्था देखते हुए एसपी ने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को बेहतर पुलिस सेवा मिल सके। उन्होंने कोतवाली परिसर का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल हरिशंकर चंद, इंस्पेक्टर क्राइम विवेक मौर्य, एसएसआई संजय यति, एसआई शिवम सेंगर, निसार अहमद, अमर सिंह आदि रहे।

# जनभागीदारी से जल संरक्षण की ओर सशक्त पहलः झांसी में युवा बने 'जल प्रहरी', नारी ने संभाली जल रक्षा की कमान

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** 'जल संरक्षण पखवाड़ा 2026' के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई पार्क में आयोजित 'जल लक्ष्मी अभियान' ने संयोजक डॉ. जितेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में जनभागीदारी आधारित जल संरक्षण की दिशा में एक सशक्त और प्रेरक पहल का रूप लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं आमजन की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह संदेश स्पष्ट किया कि जल संरक्षण अब केवल एक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में उभर रहा है।

- जल लक्ष्मी अभियान' के माध्यम से जल संरक्षण पखवाड़ा को मिला जन-आंदोलन का स्वरूप, युवाओं व मातृशक्ति ने लिया सामूहिक संकल्प
- जागरूकता रैली ने खींचा ध्यान, तख्तियों के जरिए दिया जल बचाने का संदेश

इस अवसर पर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने हाथों में जल संरक्षण से संबंधित तख्तियां लेकर जन-जागरूकता का संदेश दिया। रैली के माध्यम से लोगों को जल की महत्ता समझाते हुए संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं समूहों में जन-जागरूकता करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। अनेक युवाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों से 5-10 लोगों की टीम बनाकर लोगों को जागरूक किया, जिससे अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जितेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि आज के युवाओं में जल के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। जिला जनकल्याण महासमिति, झांसी एवं जे के टी नेचर केयर, झांसी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की थीम 'जल शक्ति से नारी शक्ति – युवा बनेंगे जल प्रहरी, हर बूंद की होगी रखवाली' रही। इस अवसर पर युवाओं को 'जल प्रहरी' के रूप में मनोनीत कर उन्हें जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, वहीं माताओं एवं बहनों ने 'जल रक्षा सूत्र' बांधकर जल स्रोतों की सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक जल स्रोतों—नदी, तालाब एवं कुओं—के संरक्षण, जल की बर्बादी रोकने तथा वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने जल संकट की गंभीरता को रेखांकित करते हुए इसे जनभागीदारी से हल करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया गया कि 'हर बूंद बचाओ, भविष्य सजाओ' तथा जल संरक्षण को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। ? इस अवसर पर डा लवीन मसीह, डा योगेश पांचाल , विनीता मिश्रा, दीप्ति सोनी, चित्रा परिहार , संयोगिता नामदेव,रचना शर्मा,निम्मी साहू,अंजु शर्मा,भावना चंदेल, किरन ठाकुर,अन्नु अग्रवाल, सूर्या निषाद, प्रतिमा ओझा, सुषमा सिंह, शिरोमणि शर्मा, प्रभात यादव, संजीव नायक,एम पी द्विवेदी, मोतीलाल दुबे, कैलाश नारायण मालवीय,ओम प्रकाश,आर एन उपाध्याय,बी पी नायक, धर्मेंद्र कारलेकर ,प्रणव बुधोलिया, सतेंद्र कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने किया राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी में स्थापित कार्यशालाओं का भ्रमण


( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बिमल कुमार दुबे मंडलायुक्त झांसी द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी में स्थापित कार्यशालाओं का भ्रमण किया गया। इस क्रम में मंडलायुक्त द्वारा टाटा टेक्नोलॉजी की आधुनिक कार्यशालाओं एवं संचालित फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रिशियन बेल्डर इत्यादि की कार्यशालाओं का भी भ्रमण किया गया। इस क्रम में आईटीआई में छात्रों को दी जा रही रोजगार परक ट्रेनिंग की जानकारी मंडलायुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों से ली गई, मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि आईटीआई में प्रशिक्षणरत छात्रों को हुनरमंद बनाया जाए जिससे भविष्य में वे अच्छा रोजगार या अपना व्यवसाय प्रारंभ कर सकें।मंडलायुक्त द्वारा एनएसआईसी की कार्यशाला हेतु भूमि उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की गई।भ्रमण के दौरान झांसी मंडल के संयुक्त निदेशक श्री आशीष दुबे, नोडल प्रधानाचार्य झांसी श्री एस.के. श्रीवास्तव उपप्रधानाचार्य श्री रमेशचन्द्र वर्मा, महिला आई टी आई के प्रधानाचार्य श्री रमेशचन्द्र कार्यदेशक श्री ब्रजेश सिंह, श्री माजिद खान, श्रीमती नीता मिश्रा, अनुदेशक श्री पंकज तिवारी, श्री अनिल कुमार शर्मा ओएसडी आदि उपस्थित रहे एवं विभागीय योजनाओं की जानकारियां दी गईं।

# जीवन को मार्ग दिखाने वाली है श्रीमद्भगवतगीता-बसंत शावरीकर

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** जीवन मे तत्व बोध कराने वाली तथा जीवन जीने के सूत्र बताने वाली श्रीमदभगवतगीता है।जिसका पाठ प्रत्येक गृहस्थ धर्म मे करना अनिवार्य है।

उक्त उद्गार झांसी से पधारे प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य ज्योतिष रत्न पं बसंत शावरीकर ने यहाँ अपनी लिखित पुस्तक सरल बोधिनी हिंदी गीता के बारे में व्यक्त किये।वह माँ शारदा संगीत विद्यालय में मैहर घराने के संगीतगुरु पं परशुराम पाठक से अपनी पुस्तक सरल बोधिनी हिंदी गीता की समीक्षा करने आये थे।उन्होंने बताया कि उनके पिताजी पं विनायक माधव शावरीकर ने श्रीमद्भगवतगीता के सम्पूर्ण श्लोकों का चौपाइयों में अनुवाद किया है,जिससे हिंदी में उसे प्रत्येक सद्गृहस्थ पढ़कर अपने जीवन का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने ज्योतिष पर चर्चा करते हुए विभिन्न ग्रहों की चालों के बारे में बताते हुए कहा कि गृह अपने अनुसार गति करते है और अपना प्रभाव दिखाते हैं।कोई ग्रह विपरीत होता है तो उसका निवारण भी ज्योतिष के अनुसार करने से वह भी अनुकूल हो जाता है। उन्होंने कहा सूर्य भगवान एवं भगवान शिवजी को प्रातः जल अवश्य चढ़ाएं तथा हनुमानजी की उपासना जरूर करें जिससे जीवन मे मंगल ही मंगल होगा। इस दौरान सितारवादक पं सरजू शरण पाठक उपस्थित रहे।

# भगवान श्री परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में 108 विप्र बंधु सम्मानित

## भगवान परशुराम जयंती पर धर्मगुरु, आचार्य, मंदिरों के महंत, भागवताचार्य, ज्योतिषाचार्य एवं संतो सहित समाज के वरिष्ठ विभूतियों को किया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी** – प्रेमनगर नगरा में स्थित श्री हनुमान मंदिर रेलवे कारखाना पर सर्व ब्राह्मण महासभा समिति झांसी के तत्वाधान में 108 विप्र बंधुओं, आचार्यो एवं संत विद्वान सम्मान समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम का पूजन अर्चन कर महाआरती की व कार्यक्रम में 108 विप्र बंधुओं को मुख्य अतिथि पं.रवि शर्मा सदर विधायक झांसी ने माल्यार्पण कर एवं शॉल – पट्टिका देकर सम्मानित किया व कार्यक्रम की अध्यक्षता पं.मैथलीशरण मुदगिल ने की और भव्य कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं विप्र बंधुओं का स्वागत अध्यक्ष पं.आर.के.सहारिया व मुख्य संरक्षक पं.अनिल सुडेले ने किया व कार्यक्रम में धर्मगुरु के रूप में आचार्य रविकांत मिश्र महंत श्री हनुमान मंदिर रेलवे कारखाना, आचार्य पं.हरिओम थापक राष्ट्रीय भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य, आचार्य विनोद चतुर्वेदी राष्ट्रीय भागवताचार्य, आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री राष्ट्रीय भागवताचार्य, आचार्य पंकज वशिष्ठ महंत श्री शनि शक्ति पीठ ने मुख्य सहभागिता की तथा इस अवसर पर मुख्य रूप से पीयूष रावत, विनोद अवस्थी, श्याम बुधौलिया, उत्कर्ष लवानिया, नरेश मिश्रा, विश्वनाथ मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी, रानू देवलिया, अभिषेक भार्गव, एम.डी.नगाइच, कैलाश नारायण मालवीय, जे.के. उदैनिया, अशोक शर्मा, संतोष गौड़, सतेंद्र तिवारी, आदेश चतुर्वेदी, उत्कर्ष सुडेले, सुशील भार्गव, प्रभुदयाल महाराज, संजीव नायक, अनिल दुबे अन्नू महाराज, जितेंद्र शर्मा, संजय दुबे, एस.के.अग्निहोत्री, उदय नारायण भारद्वाज, राजकुमार रिछारिया, आलोक पिपरिया, नानू, रानू महाराज व मातृ शक्ति से सुमन पुरोहित, इंद्रा चतुर्वेदी, उषा तिवारी, मीना दुबे, सपना शर्मा सहित आदि विप्र बंधुओं को सम्मानित किया गया व कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक पं.सियारामशरण चतुर्वेदी ने किया अंत में आभार ज्ञापन महामंत्री पं.विवेक पाठक ने किया।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ०प्र०.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718